नई दिल्ली
गुरुवार, 21 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 27, अंक : 256
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 टेस्ट में भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज




## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट एयरलाइन को मिले 1100 करोड़

**नई दिल्ली।** पैसों की तंगी से जूझ रही स्पाइसजेट को बड़ी संजीवनी मिली है। मुंबई के कारोबारियों



हरिहर और प्रीति महापात्रा ने इस एयरलाइन में लगभग 1100 करोड़ रुपए का निवेश करने का फैसला किया है। इसके बदले में उन्हें लगभग 19 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। इसके साथ ही एयरलाइन के प्रमोटर अजय सिंह की हिस्सेदारी 56.49 फीसदी से घटकर 38.55 फीसदी रह जाएगी।

### वंदेभारत से होगी माता वैष्णव देवी की यात्रा

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन की तरफ से टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए



वक्त-वक्त पर टूर पैकेज लॉन्च किए जाते हैं। तीर्थयात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने वैष्णो देवी रेल टूर पैकेज लॉन्च किया है। यह टूर नई दिल्ली से शुरु होगा। पैकेज में हर तरह की सुविधा है। पैकेज का नाम माता वैष्णोदेवी वंदे भारत है। इसके लिए नई दिल्ली से ट्रेनें रवाना होती हैं।

### कंगना भाजपा के टिकट से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सीट के लिए कई बड़े चेहरों की चर्चा हो रही है। इनमें से अभिनेत्री कंगना रनौत भी



हैं। तीन दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हिमाचल प्रदेश दौरे के दौरान उनसे अभिनेत्री ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उनके पिता अमरदीप रनौत ने खुद इस बात की पुष्टि की और कहा कि कंगना भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी।

## लोकसभा से पारित हुए तीनों क्रिमिनल लॉ बिल...भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023

शाह बोले- 200 साल पुराने गुलामी के कानूनों से मुक्ति, अब यह सौ फीसदी 'स्वदेशी' कानून

# राजद्रोह कानून खत्म, नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग में 'फांसी'

तीनों कानूनों को राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

गृहमंत्री ने कहा- यह दंड केंद्रित नहीं, 'न्याय' केंद्रित व्यवस्था, राजद्रोह कानून खत्म, अब सरकार की आलोचना पर सजा नहीं पर देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा।


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी। शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया कानून राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है। क्योंकि हमारे कई सेनानी जेल में रहे हैं, अब देश आजाद है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पहले 485 धाराएं थीं, अब 531 धाराएं होंगी

हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी, स्नैचिंग के लिए भी बना कानून



### 3 विधेयकों से क्या बदलाव होगा?

*आईपीसी में 511 धाराएं हैं, अब 356 बचेंगी। 175 धाराएं बदलेंगी। 8 नई जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं।*

### गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल

पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। मर्डर 302 था, अब 101 हुआ है। 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है। गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल।



### गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा

प्रस्तावित कानून में गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा गया है। अगर गाड़ी चलाते वक्त हादसा होता है, फिर आरोपी अगर घायल को पुलिस स्टेशन या अस्पताल ले जाता है तो उसे कम सजा दी जाएगी। हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी। स्नैचिंग के लिए कानून नहीं था, अब कानून बन गया है। किसी के सिर पर लाठी मारने वाले को सजा तो मिलेगी, इससे ब्रेन डेड की स्थिति में आरोपी को 10 साल की सजा मिलेगी।

### पुलिस की जवाबदेही तय होगी

शाह ने कहा- नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी। अब कोई गिरफ्तार होगा तो पुलिस उसके परिवार को जानकारी देगी। पहले यह जरूरी नहीं था। किसी भी केस में 90 दिनों में क्या हुआ, इसकी जानकारी पुलिस पीड़ित को देगी। मुकदमा समाप्त होने के बाद जज को 43 दिन में फैसला देना होगा। निर्णय देने के 7 दिन के भीतर सजा सुनानी होगी। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 30 दिन के भीतर ही दया याचिका दाखिल की जा सकेगी।

## उपराष्ट्रपति का 'मजाक' उड़ाने पर राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

# मोदी ने फोन कर कहा-20 साल से मैं भी झेल रहा ऐसा 'अपमान'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह संसद परिसर में उपराष्ट्रपति की अवमानना को देखकर निराश हैं। वहीं, उपराष्ट्रपति ने जानकारी दी कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से टेलीफोन आया है जिसमें उन्होंने कुछ सांसदों की अभद्र नाटकीयता पर दुख व्यक्त किया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें बताया कि वह भी पिछले बीस वर्षों से इस तरह के अपमान का सामना कर रहे हैं लेकिन सच्चाई ये है कि भारत के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ संसद भवन में ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### कर्तव्य निभाने से नहीं रोक सकते

उपराष्ट्रपति ने पीएम मोदी से कहा कि कुछ लोगों की हरकतें उन्हें अपना कर्तव्य निभाने और संविधान में निहित सिद्धांतों को बनाए रखने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि वह संवैधानिक मूल्यों के प्रति तहेदिल से प्रतिबद्ध हैं और किसी भी तरह का अपमान उन्हें अपनी राह बदलने के लिए मजबूर नहीं कर पाएगा।

### संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस पहुंची कोलकाता


वहीं. संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगने की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम फिलहाल कोलकाता में है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी मंगलवार को इस मामले के मास्टरमाइंड ललित झा के बागुईहाटी थाना क्षेत्र के जिस किराए के मकान में पहुंचे तो वहां वहां ताला बंद मिला है। इसके पहले सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम ने 218 नंबर रवींद्र सरणी स्थित बड़ा बाजार के उस ठिकाने पर भी दबिश दी थी, जहां लंबे समय तक वह ट्यूशन पढ़ाया करता था।

अडानी एंटरप्राइजेज, यूपीएल आदि के शेयर प्रभावित

## मुनाफाखोरी के चलते सेंसेक्स निफ्टी हुए धड़ाम, शेयर गिरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में बुधवार की सुबह बंपर तेजी के बाद बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स-निफ्टी भारी गिरावट के साथ बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930.88



अंक टूटकर 70,506.31 अंक पर और निफ्टी 302.95 अंक के नुकसान से 21,150.15 अंक पर बंद हुआ है। कारोबार में मिडकैप इंडेक्स 3 फीसदी से ज्यादा गिरकर बंद हुए हैं। वहीं मेटल, पॉवर और ऑटो इंडेक्स सबसे ज्यादा टूटे हैं। निफ्टी के टॉप लूजर में अडानी पोर्ट्स, अडानी एंटरप्राइजेज, यूपीएल, टाटा स्टील और कोल इंडिया के शेयर शामिल हैं। वहीं ओएनजीसी, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और एचडीएफसी बैंक निफ्टी के टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल हैं। मुनाफावसूली के चलते बाजार में बड़ी गिरावट आई है। (पेज 10 भी देखें)

## भारत-पाक युद्ध के बाद आईएनएस शिवाजी को मिला वीर चक्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के प्रमुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, आईएनएस शिवाजी को 1971 युद्ध के नायक रहे दिवंगत वाइस-एडमिरल बेनॉय रॉय चौधरी को दिया गया मूल 'वीर चक्र' हासिल हुआ है। युद्ध के समय चौधरी आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर ऑफिसर के रूप में तैनात थे। आईएनएस शिवाजी के विशिष्ट चेयर-



यह सम्मान दिवंगत वाइस एडमिरल को दिया गया था

मरीन इंजीनियरिंग, वाइस-एडमिरल दिनेश प्रभाकर ने प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित एक समारोह में वाइस-एडमिरल चौधरी के परिवार के सदस्यों पदीप्ति बोस और गार्गी बोस से वीर चक्र प्राप्त किया। समारोह का आयोजन नौसेना ने किया था। कार्यक्रम पुणे शहर से लगभग 60 किमी दूर लोनावाला में आयोजित किया गया था। वीएडीएम चौधरी भारतीय नौसेना के एकमात्र तकनीकी अधिकारी हैं, जिन्हें 25 साल पहले वीर चक्र जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से अलंकृत किया गया था। युद्ध के समय वह आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर ऑफिसर के रूप में तैनात थे।

राज्यसभा में सरकार बोली- जाएंगे सुप्रीम कोर्ट, लौटाएंगे पैसे

## सहारा में निवेशकों के फंसे 80 हजार करोड़ दिलाने के प्रयास होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सहारा समूह के तीन करोड़ निवेशकों ने कंपनी की सहकारी समितियों में फंसे 80,000 करोड़ रुपए वापस लेने की मांग की है और सहारा समूह से अधिक धनराशि



पाने के लिए वह फिर से उच्चतम न्यायालय जाएगी। सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने निवेशकों के लिए पोर्टल है, जहां वे अपने फंसे पैसे पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में दिए जाएंगे

## मोहम्मद शमी समेत 26 को अर्जुन अवॉर्ड चिराग और सात्विक को 'खेल रत्न'

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का ऐलान





29 खिलाड़ियों को इस बार खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय के मुताबिक भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी समेत 26 एथलीट्स को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा जबकि मेजर ध्यान चंद खेल रत्न अवॉर्ड चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को दिया जाएगा।

यह सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में दिए जाएंगे। भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को खेल रत्न अवॉर्ड मिलेगा। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बुधवार को खेल अवॉर्ड्स 2023 की घोषणा की। दो खिलाड़ियों को खेल रत्न अवार्ड और 27 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी एथलीटों को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार दिए जाएंगे।

### खेल रत्न अवॉर्ड 2023


**खेल अवार्ड के लिए जारी की गई एथलीटों की लिस्ट**

- चिराग शेट्टी - बैडमिंटन
- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी - बैडमिंटन

### अर्जुन अवॉर्ड 2023

- *मोहम्मद शमी - क्रिकेट*
- *ओजस प्रवीण देवताले - तीरंदाजी*
- *अदिति गोपीचंद स्वामी - तीरंदाजी*
- *श्रीशंकर - एथलेटिक्स*
- *पारुल चौधरी - एथलेटिक्स*
- *मोहम्मद हुसामुद्दीन - बॉक्सर*
- *आर वैशाली - शतरंज*
- *सुशीला चानु - हॉकी*
- *पवन कुमार - कबड्डी*
- *रितु नेगी - कबड्डी*
- *नसरीन - खो-खो*
- *पिंकी - लॉन बॉल्स*
- *ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर - शूटिंग*
- *ईशा सिंह - शूटिंग*
- *हरिंदर पाल सिंह - स्क्वैश*
- *अयहिका मुखर्जी - टेबल टेनिस*
- *सुनील कुमार - रेसलिंग*
- *अंतिम - रेसलिंग*
- *रोशीबिना देवी - वुशु*
- *शीतल देवी - पैरा आर्चरी*
- *अजय कुमार - ब्लाइंड क्रिकेट*
- *प्राची यादव - पैरा कैनोइंग*
- *अनुश अग्रवाल - घुड़सवारी*
- *दिव्यकृति सिंह - घुड़सवारी ड्रेसेज*
- *दीक्षा डागर - गोल्फ*
- *कृष्ण बहादुर पाठक - हॉकी*



# 400 रुपये लूटने के लिए की थी हत्या, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



वेलकम थाने के पास चाकू से वार कर एक युवक की हत्या के मामले में स्पेशल स्टाफ ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम जनता कॉलोनी निवासी शहजाद और ताहिर बताये गये हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि महज 400 रुपये व मोबाइल लूटने के विरोध में वारदात को अंजाम दिया गया था। बदमाशों के पास से लूटा गया मोबाइल और इस्तेमाल की गई ई-रिक्शा जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह 7:55 बजे पुलिस को वेस्ट गोरखपार्क स्थित समुदाय भवन के पास एक शव रजाई से ढका हुआ मिला था। मृतक के शरीर पर चार जगह चाकू के जख्म थे। शव के पास से ऐसा कोई कागज बरामद नहीं हुआ था, जिससे उसकी पहचान हो सकती। पुलिस ने हत्या दर्ज कर बाद में मृतक की पहचान सीलमपुर निवासी विजय के रूप में की थी। पुलिस उसके घर पहुंची तो पता चला कि उसके माता-पिता की काफी पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी और तीन बहने हैं। विजय बेरोजगार था। बहनों से ही रुपये लेकर अपना गुजारा चलाता था। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक फुटेज में सोमवार रात 11:29 बजे ई-रिक्शा संदिग्ध नजर आई। पुलिस ने रिक्शा चालक की पहचान शहजाद के रूप में की और उसे जनता कालोनी से गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने विजय को सीलमपुर से रिक्शे में बैठाया था। बाद में उसके साथ लूटपाट करने लगे। विरोध किया तो उसे रिक्शे से बाहर निकाल चाकू मार दिये। बाद में उसकी जेब से 400 रुपये और मोबाइल निकालकर फरार हो गये थे। शहजाद की निशानदेही पर दूसरे आरोपी को भी दबोच लिया गया।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री का मामला पुलिस के पास पहुंचा

■ कुछ वकीलों ने डिफेंस कॉलोनी थाने में दी शिकायत

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर बहस छिड़ी हुई है। वहीं मामले को लेकर मंगलवार देर रात साउथ दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाने में इसकी शिकायत की गई। शिकायत को रिसीव कर आगे जांच के लिये नई दिल्ली जिले में ट्रांसफर किया गया है। डीसीपी साउथ चंदन चौधरी ने बताया कि कुछ एडवोकेट डिफेंस कॉलोनी थाने में देर रात शिकायत लेकर पहुंचे थे। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उप राष्ट्रपति संवैधानिक पद है और मिमिक्री से उनकी मानहानि हुई है। पुलिस ने शिकायत को रिसीव कर लिया और उसे नई दिल्ली में ट्रांसफर कर दिया गया है। चूंकि संसद भवन का एरिया नई दिल्ली जिले की पुलिस के अंतर्गत आता है। शिकायत पर क्या कार्रवाई हो सकती है, आला अधिकारी इस पर विचार विमर्श कर रहे हैं। उधर दिल्ली देहात के कुछ लोगों ने भी इस घटना को लेकर रोष जाहिर किया है। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों की मौजूदगी में संसद में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी थी। उनके इस एक्ट की बाकायदा राहुल गांधी ने वीडियो भी बनाई थी।

## रिश्तेदार ही निकला मास्टरमाइंड, तीन आरोपी गिरफ्तार

# फिरौती के लिये अगवा सात साल का मासूम छुड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

**खास बातें**
- बच्चे को अगवा कर मांगी थी तीन लाख की फिरौती
- सराय रोहिल्ला इलाके का मामला



सराय रोहिल्ला इलाके से सात साल के बच्चे को अगवा कर फिरौती मांगने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। बच्चे को अगवा कर तीन लाख की फिरौती मांगी गई थी। इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पीड़ित परिवार का रिश्तेदार ही निकला। फिरौती की कॉल के लिए इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद हो गया है।

डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 19 दिसंबर को शास्त्री नगर निवासी सुनील कुमार ने अपने सात वर्षीय बेटे के लापता होने की सूचना दी थी। बाद में उनके मोबाइल पर फिरौती के लिए कॉल आया और तीन लाख रुपए झंडेवालान मंदिर लेकर आने के लिए कहा गया। मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों को ओल्ड राजेन्द्र नगर एरिया से पकड़ा गया। इसके साथ ही पीड़ित बच्चे को भी उनके चुंगल से छुड़ा लिया गया। आरोपियों में विकास शिकायतकर्ता का बहनोई है। शिवम पाल शिकायतकर्ता सुनील और उसके साले विकास को अच्छे से जानता था। सुनील और शिवम पहले फुड सप्लाई करने वाली कूरियर कंपनी के लिए साथ काम कर चुके थे। विकास ने सुनील से फिरौती की रकम वसूलने के लिए शिवम पाल और दीपक के साथ मिलकर बच्चे को अगवा करने की योजना बनायी थी। इन्होंने वारदात को अंजाम देने से पहले बकायदा घर व आसपास के एरिया की रेकी भी की थी। आरोपी दीपक और शिवम पाल ने बच्चे को खाने पीने की चीजें देकर पहले उससे दोस्ती की और फिर बाइक पर बैठाकर फरार हो गए थे। बच्चे को ओल्ड राजेन्द्र नगर ले जाने के बाद उसके पिता को कॉल कर फिरौती मांगी गई थी। आरोपी विकास स्थिति पर नजर रखे हुए था और बच्चे का हितैषी बनकर पुलिस के सभी प्रयासों की जानकारी अपने सहयोगियों से साझा कर रहा था। वह लगातार व्हाट्सएप के माध्यम से आरोपियों के संपर्क में था। शिवम पाल कीर्ति नगर, दीपक नारायणा और विकास इंद्रपुरी का रहने वाला है।

## जान गंवाने वाली महिला के परिवार को डीएमआरसी देगा 15 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ट्रेन से गत दिनों घिसटकर जान गंवाने वाली महिला के पीड़ित परिवार को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने 15 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। इस बारे में बुधवार को डीएमआरसी ने बताया कि गत 14 दिसंबर 2023 को इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर हुई एक दुर्घटना में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों को मेट्रो की तरफ से 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। डीएमआरसी के अनुसार वह मृत महिला के दोनों बच्चों की शिक्षा भी सुनिश्चित करेगा। संबंधित घटना 14 दिसंबर 2023 को इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर हुई थी, जिसके बाद रीना (35) ने शनिवार 16 दिसंबर 2023 को सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। मेट्रो ने बताया कि मेट्रो रेलवे (दावा प्रक्रिया) नियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार, मृतक महिला के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन डीएमआरसी मृतका के बच्चों को मानवीय पहलू के तहत सहायता के रूप में 10 लाख रुपये अलग से प्रदान करेगा। किंतु अभी दोनों बच्चे नाबालिग हैं, इसलिए कानूनी उत्तराधिकारी को राशि सौंपने के लिए डीएमआरसी कानूनी तौर-तरीकों पर गौर कर रहा है। डीएमआरसी ने कहा कि मृतक के दोनों बच्चों की शिक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।


## सार्वजनिक सूचना

**निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा सरकार**

30 बेज बिल्डिंग, द्वितीय तल, सेक्टर-17 सी, चण्डीगढ़-160017

**ड्राफ्ट दस्तावेज आरएफक्यूपी पर टिप्पणी हेतु आमंत्रण**

**डीबीएफओटी आधार पर बस टर्मिनल्स करनाल, बल्लभगढ़, गुरुग्राम, सोनीपत, पिपली का विकास**

निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा सरकार (''डीएसटी'') ने बस टर्मिनल्स करनाल (17.5 एकड़), बल्लभगढ़ (13.6 एकड़), गुरुग्राम सेक्टर-29 (2.99 एकड़), सोनीपत (9.43 एकड़), पिपली (10.0 एकड़) का पीपीपी स्ट्रक्चर (''प्रोजेक्ट्स'') के विकास का निर्णय लिया है। यह उल्लिखित है कि लाभप्राप्तकर्ता परियोजना के कंसेशन एग्रीमेंट के आधार पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, प्रचालन और स्थानांतरण (डीएफबीओटी) करेगा।

डीएसटी ने क्वालीफिकेशन-सह-प्रस्ताव (आरएफक्यूपी) दस्तावेज हेतु आवेदन ड्राफ्ट तैयार किया है। डीएसटी संभाव्य बोलीदाताओं से ड्राफ्ट आरएफक्यूपी दस्तावेजों को अन्तिम रूप देने के लिए टिप्पणी आमंत्रित करता है।

प्रत्येक साइट के लिए आरएफक्यूपी ड्राफ्ट दस्तावेज वेबसाइट https://hartrans.gov.in, (Home page>notification circulars orders>others) से डाउनलोड कर सकते हैं और टिप्पणी landbuilding0001@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से bpbd@dimts.in को एक प्रति भेजते हुए प्रस्तुत कर सकते हैं।

दस्तावेज की डाउनलोडिंग में किसी समस्या अथवा अतिरिक्त सूचना / स्पष्टीकरण के मामले में कृपया landbuilding0001@gmail.com पर bpbd@dimts.in को एक प्रति भेजते हुए ई-मेल भेज सकते हैं अथवा श्री सर्वजीत सिंह मान डीटीसी (पी) फोन नं. 0172-2783675 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**टिप्पणी प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 15.01.2024 को 17:00 बजे आईएसटी तक है।**

हस्ता/-
निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा सरकार

पीआरडीएच-1119/11/442/2024/23565/88/7 दि. 20.12.23


# 90 लाख की डकैती में सात दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



■ आरोपियों में तीन शिकायतकर्ता के ही कर्मचारी

मध्य जिले के दरियागंज में हुई 90 लाख की डकैती का मामला पुलिस ने खोल दिया है। इस सिलसिले में सात लोगों को पकड़ा है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। इनके पास से 74 लाख रुपए बरामद हुये हैं। इस वारदात की साजिश कारोबारी के पुराने चालक ने कैशियर के साथ मिलकर रची थी। आरोपियों के नाम अनिल त्यागी, इसका दामाद दीपक त्यागी, कैशियर आसिफ, देवेश उर्फ रावण, लक्की कुमार और आशीष है। अनिल त्यागी पर बेटी की शादी के बाद कर्ज चढ़ गया था। कर्ज उतारने में दामाद भी मदद कर रहा था।

पुलिस के अनुसार 13 दिसंबर की रात अंसारी रोड पर हथियारबंद बदमाशों ने झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी चलाने वाले मयंक जैन के तीन कर्मचारियों से 90 लाख रुपये की लूट की थी। जांच के दौरान पुलिस को कर्मचारी अनिल त्यागी के बयानों पर शक हुआ। गहन पूछताछ में उसने इस वारदात में शामिल होने का जुर्म कबूल लिया। उसने बताया कि तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी करते समय उस पर काफी कर्ज चढ़ गया था। इससे उभरने के लिए उसने अपने दामाद से बात की और उसकी मदद से कारोबारी के ही कुछ कर्मचारियों को योजना का हिस्सा बनाया। हालांकि अनिल को इस बात की जानकारी नहीं थी कि बैग में कितनी रकम है। इसके बाद पुलिस ने उसके दामाद दीपक को भी अरेस्ट कर लिया। बाद में पांच अन्य आरोपियों को पकड़ा गया। मुख्य आरोपी अनिल और आसिफ करीब 10 साल से कारोबारी के यहां चालक और कैशियर की नौकरी कर रहे थे।

## यूएई नंबर से गैंगस्टर के नाम पर मांगी थी 50 लाख की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



■ मामले में दुबई रिटर्न बिजनेसमैन अरेस्ट

उत्तरी जिला पुलिस ने 50 लाख की रंगदारी मांगने के केस में एक दुबई रिटर्न बिजनेसमैन को अरेस्ट किया है। इसने जेल में बंद गैंगस्टर दीपक उर्फ बॉक्सर के नाम पर यूएई नंबर का इस्तेमाल कर रंगदारी मांगी थी। आरोपी शख्स का नाम नरेन्द्र यादव (27) बताया गया है। वह सेक्टर 151, नोएडा का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया वह दुबई में भारतीय कामगारों को नौकरी दिलाने का काम करता था। इस कारण वह दुबई के कुछ लोगों के संपर्क में आया। एक संपर्क से उसने यूएई नंबर हासिल किया था।

पुलिस के अनुसार 30 नवंबर को वजीराबाद निवासी गौरव त्यागी के घर पर दो लोगों ने फायरिंग की थी। जाते समय एक पर्ची भी बदमाश फेंक गये थे। उन्होंने खुद को गोगी गैंग से बताते हुये 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी। इस संबंध में वजीराबाद थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद पीड़ित को 8 दिसंबर को व्हाट्स एप नंबर से गोगी गैंग, दीपक बॉक्सर, सनी काकरान और अनुज जाट के नाम से फिर 50 लाख रुपये की रंगदारी का मैसेज मिला। फोन नंबर नंबर दुबई का था। पुलिस को जांच में पता चला कि 1+ मोबाइल फोन ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर और इंटरनेट यूजर के आईपीडीआर पर सक्रिय है। फर्जी आईडी पर जारी कथित नंबर की पहचान की गई। पता लगा कि नंबर का यूजर भारत में ही है। केस में शामिल दो नाबालिग पकड़े गए। इन्होंने बताया कि फायरिंग की साजिश जेल में रची गई थी। आखिर में पुलिस ने लोकेशन के आधार पर दुबई रिटर्न बिजनेसमैन को नोएडा से दबोच लिया।


## जाट एजुकेशन सोसायटी (रजि.),रोहतक

**सार्वजनिक नोटिस**

हरियाणा राज्य सरकार द्वारा एंडोर्समेंट न. 5/22/2016-4IBII दिनांक 29.08.2023 के तहत जारी आदेश के अनुपालन में तथा श्री टी. एल. सत्यप्रकाश, आई.ए.एस, प्रशासक, जाट एजुकेशन सोसायटी (पंजीकृत), रोहतकके दिनांक 12.12.2023 के आदेश की निरंतरता में, 105 कॉलेजियम की ड्राफ्ट मतदाता सूची को अंतिम रूप देदिया गया है और आगामी चुनाव प्रक्रिया निम्न प्रकार से है: -

| क्रम संख्या | विषय | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | कॉलेजियम की ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन | 22.12.2023 (शुक्रवार) |
| 2 | दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित | 23.12.2023 (शनिवार) से 06.01.2024 (शनिवार) |
| 3 | कॉलेजियम-वाइज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 13.01.2024 (शनिवार) |
| 4 | सप्लीमेंट्री मतदाता सूची, यदि कोई हो, का प्रकाशन | 14.01.2024 (रविवार) |
| 5 | नामांकन भरने की तिथि | 19.01.2024 (शुक्रवार) से 25.01.2024 (गुरुवार) |
| 6 | नामांकन की जांच | 26.01.2024 (शुक्रवार) |
| 7 | उम्मीदवारी वापस लेना और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सूची तैयार कर प्रकाशन | 27.01.2024 (शनिवार दोपहर 03:00 बजे तक) |
| 8 | उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटन | 27.01.2024 (शनिवार दोपहर 03:00 बजे के बाद) |
| 9 | मतदान की तिथि | 04.02.2024 (रविवार प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक) |
| 10 | मतों की गणना और परिणाम की घोषणा | 04.02.2024 (रविवार दोपहर 03:00 बजे मतदान पूरा होने के बाद) |

जाट एजुकेशन सोसायटी (रजि.), रोहतक की ड्राफ्ट मतदाता सूची के अनुसार कोई भी आजीवन सदस्य ड्राफ्ट मतदाता सूची के विरुद्ध अपना दावा/आपत्ति आदि सी.आर. पॉलिटेक्निक, रोहतक के सामुदायिक हॉल में स्थापित काउंटर पर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02: 30 बजे तक काउंटर पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म भरकर दिनांक 23.12. 2023 से 06.01.2024 तक जमा कर सकता है। तदउपरांत वर्तमान चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक किसी भी प्रकार की आपत्ति / दावा आदि संज्ञान में नहीं लिया जायेगा। जाट एजुकेशन सोसायटी (पंजीकृत), रोहतक के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और उपनियमों में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार इस चुनाव में वोट डालने के लिए सोसायटी द्वारा नियमानुसार जारी किया गया पहचान पत्र ही मतदाता की पहचान हेतु मान्य होगा।

**चुनाव अधिकारी**
**जाट एजुकेशन सोसायटी (रजि.),रोहतक**


## इस साल एक करोड़ से ज्यादा रकम पुलिस ने वापस दिलवाई

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने इस साल एक बड़ी उपलब्धिक हासिल की है। सक्रिय रूप से कार्य करते हुए साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस करवाने में मदद की गई। डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन आउटर नॉर्थ ने भी **JMIS** पोर्टल का उपयोग करके **I4C** के साथ समन्वय में पूरे भारत में 20 हजार से अधिक मामलों और शिकायतों को जोड़ा। पीड़ितों से कभी कूरियर पार्सल, लोन, नौकरी, क्रेडिट कार्ड लिमिट, गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च और यूपीआई फ्रॉड के जरिये ठगी गई थी।

# जाली करेंसी के साथ दो गिरफ्तार 1.70 लाख के नकली नोट जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



■ पश्चिम बंगाल से आधे दाम पर खरीदते थे नकली नोट

क्राइम ब्रांच ने नकली नोटों की तस्करी करने वाले रैकेट में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 1.70 लाख के नकली नोट बरामद हुये हैं। गिरफ्तार किये गये दोनों लोगों के नाम संजय कॉलोनी ओखला फेज दो निवासी रोहन कुमार व गुरुग्राम हरियाणा निवासी मोहम्मद इमरान है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि पश्चिम बंगाल से आधे दामों पर नकली नोट खरीदकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई की जाती थी।

पुलिस के अनुसार इस रैकेट के बारे में इनपूट मिलने के बाद साकेत मेट्रो स्टेशन के पास ट्रेप लगाया गया था। दो लोगों को पकड़कर जांच की गई तो नकली नोट बरामद हुये। सभी नोट 500 रुपए के थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया वे अपने सहयोगी वसीम निवासी मालदा पश्चिम बंगाल से आधे मूल्य पर भारतीय करेंसी नोट लेते थे। उसे पकड़ने के लिए एक टीम पश्चिम बंगाल भी भेजी गई लेकिन वह फरार मिला। आरोपी रोहन ने बताया कि वह सह आरोपी मोहम्मद इमरान के जरिए वसीम के संपर्क में आया था। वसीम इस रैकेट का सरगना है। ये नकली नोट दिल्ली एनसीआर में खपा रहे थे। आरोपियों के पास से अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी और मोबाइल फोन भी जब्त किए गये हैं। रोहन पहले अवैध रूप से शराब बेचता था। वहीं आरोपी इमरान संगम विहार में चिकन बेचता था। कर्ज में डूबने पर उसने नकली नोटों की तस्करी का धंधा शुरु किया था। अब पुलिस इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों की तलाश में है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सीतावाली, ब्लॉक गन्नौर में धानक चौपाल से डाबरपुर रोड तक आईपीबी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 04.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव अहमदपुर माजरा, ब्लॉक मुडलाना में ग्रे वाटर मैनेजमेंट एंड टू एंड सोल्यूशंस एसपीएम (जी) के तहत। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 40.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सीतवाली ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट में बरामदे का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 06.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव निजामपुर ब्लॉक कथुरा में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 37.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मदीन, ब्लॉक कथुरा में बराम्भीवाला तालाब पर गऊघाट का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 57.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथुरा, रिंढाना और आहूलाना, ब्लॉक कथुरा में ग्रे वाटर मैनेजमेंट में ड्रेन और नाले का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 98.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सलीमसर माजरा, भड़ाना, गुहणा, सलारपुर माजरा, चट्टा, संदलकलां, संदल खुर्द और गांव थारू, ब्लॉक सोनीपत में नाला 2×2 और 1.5 और 1.5 का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 63.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, ब्लॉक टोहाना में पुरुषोत्तम दास पार्क (01HRFTBTHN0001DANG006) के पीछे आरओपी हेतु अतिरिक्त आकलन + 1 कार्य। | 18.12.2023 25.12.2023 | 4.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | गांव कमालपुर गड़रियां से गांव कमालपुर के फील्ड तक फील्ड पथ पर यमुना क्रीक पर प्रस्तावित कॉजवे का निर्माण। | 05.12.2023 26.12.2023 | 65.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295173400 xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | नगर निगम, करनाल के डिपॉजिट कार्य आरडी 3200-12000 से मेन ड्रेन नं. 1 का पुनरोद्धार। | 18.12.2023 08.01.2024 | 642.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295173400 xeninddivn@yahoo.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | रबी सीजन 2023-24 से पहले आरडी 0 से 12500 तक कौल माइनर की आंतरिक सफाई + 5 कार्य। | 14.12.2023 22.12.2023 | 5.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842255291 knldivn335@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | रंगा डिस्टी. के आउटलेट आरडी 3447/4140-आर पर वाटरकोर्स का पुनरोद्धार + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.12.2023 | 118.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2024/240/23572/I/88/7 दि. 20.12.23

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी पूरे देश से माफी मांगें : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विपक्षी दलों द्वारा उपराष्ट्रपति के अपमान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तुरंत माफी मांगनी चाहिए और तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी को तुरंत पार्टी से निकाला जाना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा है कि उपराष्ट्रपति का पद देश का सम्मानित पद है और उस पद पर बैठे व्यक्ति का इस तरह अपमान किया जाना देश स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जगदीप धनखड़ बड़े ही सज्जन व्यक्ति और साथ ही किसान के पुत्र हैं। इस प्रकार विपक्षी सांसदों ने किसान के बेटे का इस तरह सार्वजनिक अपमान किया है जिसे देश का किसान बर्दाश्त नहीं करेगा।

### केजरीवाल 10 दिवसीय विपश्यना सत्र के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 21 दिसंबर को पूछताछ के लिये बुलाये जाने के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए रवाना हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी गई है कि वह इस सत्र के लिए कहां गये हैं। ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को सोमवार को नया समन जारी किया था। अधिकारियों ने बताया कि केजरीवाल को विपश्यना ध्यान सत्र के लिए मंगलवार को रवाना होना था, लेकिन गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में शामिल होने के कारण वह ऐसा नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित ध्यान सत्र के लिए वह बुधवार दोपहर करीब एक बजकर 30 मिनट पर रवाना हुये। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को समन जारी करने के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी के अधिवक्ता नोटिस का अध्ययन कर रहे हैं और 'कानूनी रूप से उचित' कदम उठाए जाएंगे। पार्टी ने कहा कि केजरीवाल का विपश्यना सत्र 'पूर्व निर्धारित' था और यह जानकारी सार्वजनिक थी।

### दिल्ली कांग्रेस 22 को जंतर-मंतर पर करेगी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सांसदों के निलंबन को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी 22 दिसंबर 2023 को जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन करेगी। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। पोस्टर बैनर से लेकर अन्य प्रचार सामग्री सहित अन्य को लेकर अलग अलग लोगों को जिम्मेदारियां दी गई है। इसके अलावा पूरी दिल्ली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लाने के भी निर्देश दिए गए है। इस प्रदर्शन को कामयाब बनाने के लिए दिल्ली कांग्रेस अपनी पूरी ताकत लगाने जा रही है। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि लोकसभा व राज्य सभा में इंडिया गठबंधन के सांसदों को निलंबित करने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने 22 दिसंबर को जंतर मंतर पर विशाल का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि इस मौके पर प्रदर्शनकारियों को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता संबोधित करेंगे।

डॉ.बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज का 12वां दीक्षांत समारोह

# चरित्र को पवित्र करने का कोई इत्र नहीं मिलता अपने किरदार से खुद महकता है इंसान : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज के 12वें दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि चरित्र को पवित्र करने का कोई इत्र नहीं मिलता, अपने किरदार से इंसान खुद महकता है। इसलिए विश्वविद्यालय के प्रबंधको व फैक्लटी पर छात्रों के किरदार को सजाने संवारने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय अपने सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के एक चुनौतीपूर्ण चरण में है। भविष्य के विकास के वैश्विक एजेंडे पर वसुधैव कुटुंबकम को रखने का हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास कुछ ऐसा है जिसे हमारे प्रयासों का मार्गदर्शन करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि जो स्नातक और शोधकर्ता आज डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज से बाहर निकलेंगे, वे भारत की क्षमता को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर सक्सेना के अलावा नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी, अम्बेडकर कॉलेज के कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर एलजी सक्सेना ने कहा पिछले 15 वर्षों में एयूडी ने गुणवत्ता और मात्रा दोनों के मामले में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसने कई मजबूत संस्थागत स्तंभ और तंत्र स्थापित किए हैं, जो समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कायम रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करते हैं। एलजी ने कहा कि दिल्ली में अपने समकक्षों की तरह उच्च शिक्षा के बहुत पुराने, स्थापित और प्रतिष्ठित संस्थान होने के बावजूद, एयूडी ने सामाजिक विज्ञान और मानविकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के अपने स्वयं के मानदंड स्थापित किए हैं। वास्तव में, विश्वविद्यालय अब अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मक शिक्षा शास्त्र और नवीन शिक्षण के लिए जाना जाता है। सक्सेना ने कहा कि मुझे जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालय ने दिल्ली में 7 मलिन बस्तियों और गांवों को भी गोद लिया है। कुछ महीने पहले यमुना सफाई अभियानों के लिए आईएसबीटी पर वासुदेव घाट और सिग्नेचर ब्रिज-आईटीओ बैराज के दौरे के दौरान छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों को समर्पण के साथ भाग लेते देखकर बहुत खुशी होती है। एलजी ने अपने संदेश में कहा कि मैं चाहूंगा कि आप यह हमेशा याद रखें कि पद अस्थायी होते हैं, रैंक और उपाधियाँ सीमित हैं। लेकिन जिस तरह से आप लोगों के साथ व्यवहार करते हैं और समाज की सेवा करते हैं उसे हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बातें रखी।

## शिक्षा संस्थान में जो कुछ सीखा उसका इस्तेमाल अपने देश की तरक्की के लिए करें छात्र : आतिशी

**नई दिल्ली।** यह समय छात्रों के लिए अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर है, जो इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही अब मौका है कि आपने शिक्षा संस्थान में जो कुछ सीखा उसका इस्तेमाल अपने देश की तरक्की के लिए करें। दिल्ली की उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार को केजरीवाल सरकार के डॉ. बी. आर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी के 12वें दीक्षांत समारोह में यह संबोधन दिया। इस मौके पर उन्होंने स्नातक छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री आतिशी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को आभारी होना चाहिए कि कई लोगों के विपरीत, आपको अच्छे संस्थान में पढ़ने का अवसर मिला। बता दे कि इस साल यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों को 1095 डिग्रियां सौंपी हैं। इनमें 33 पीएचडी डिग्री, 13 एम फ़लि डिग्री, 602 पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री, 442 ग्रेजुएट डिग्रियाँ और 5 डिप्लोमा शामिल है। दीक्षांत समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना व नीति आयोग के वाईस-चेयरपर्सन सुमन बेरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि अंबेडकर यूनिवर्सिटी न केवल दिल्ली में बल्कि पूरे भारत में लिबरल आर्ट यूनिवर्सिटी के रूप में प्रख्यात है। उन्होंने कहा कि, कई बार हमारे समाज में लिबरल आर्ट्स को हेय दृष्टि से देखा जाता है। लेकिन लिबरल आर्ट्स पढ़कर स्टूडेंट्स के भीतर दुनिया के प्रति जो नजरिया विकसित होता है, ऐसा नजरिया किसी और अनुशासन में विकसित नहीं होता है। दीक्षांत समारोह के मौक़े पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के जीवन में दीक्षांत समारोह परिवर्तन का एक चरण होता है जहां हर छात्र को तीन चीजें याद रखनी चाहिए। उन्हें अपने निर्णय स्वतंत्र रूप से लेने चाहिए, उन माता-पिता के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए जिन्होंने उन्हें सफल बनाने के लिए अपना जीवन दिया और देश के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए जिसने उनके लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की सुविधा प्रदान की।

### दीक्षांत समारोह छात्र के जीवन में होता है महत्वपूर्ण दिन

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र के जीवन में महत्वपूर्ण दिन होता हैं। जहां वो छात्र जीवन से एक ज़म्मिदार वयस्क बनने की ओर बढ़ते है। कॉलेज के दौरान छात्र अधिकतर उन विषयों पर निर्णय लेने में व्यस्त रहते हैं जो भविष्य में उनके लिए उपयोगी होंगे। लेकिन स्नातक के बाद अचानक ही जिंदगी में कई अहम फैसले लेने पड़ते हैं। इस पड़ाव पर, स्नातक छात्रों के लिए सावधानीपूर्वक और स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।

## बिज़नेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम से आया आत्मविश्वास हमारे देश को नंबर 1 बनाएगा : आतिशी

- केजरीवाल सरकार के स्कूलों में एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम के 5 साल पूरा होने पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** बिज़नेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम से हमारे छात्रों में आया आत्मविश्वास देश को आगे लेकर जायेगा, यही आत्मविश्वास हमारे देश को नंबर 1 बनाएगा। बिज़नेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम हमारे युवाओं की प्रतिभा और शक्ति को दर्शाता है। इस कार्यक्रम ने साबित कर दिया है कि यदि हमने अपने युवाओं को सशक्त बना दिया तो वो देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं का समाधान स्वयं निकाल लेंगे। केजरीवाल सरकार के एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम के 5 साल पूरा होने के जश्न में बुधवार को एससीईआरटी दिल्ली द्वारा 'उद्यमशीलता शिक्षा की शक्ति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी ने यह संबोधन दिया। सम्मेलन में नामी यंग एंत्रप्रेन्योर्स और शिक्षाविदों ने शिरकत की। यहां शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि देश से बेरोज़गारी की महामारी को खत्म करने के समाधान के रूप में केजरीवाल सरकार ने की एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम की शुरुआत की है। जिस उम्र में बच्चे आईआईटी में पढ़ने का सपना देखते है उस उम्र में बिज़नेस ब्लास्टर्स से आए आत्मविश्वास के ज़रिए हमारे स्कूलों के बच्चे आईआईटी से निकले युवाओं को नौकरी देने की बात कर रहे है। एचसीएल के को-फाउंडर अर्जुन मल्होत्रा ने बताया कि लगातार बदलती दुनिया के लिए लगातार सीखने की ज़रूरत, ऐसे में भविष्य के लिए अपने छात्रों को तैयार करने के किए शिक्षकों को उनमें एंत्रप्रेन्योर माइंडसेट विकसित करने की जरूरत है। वहीं, नैस्कॉम के वाईस-प्रेसिडेंट, संध्या चिंताला ने बताया कि टेक्नोलॉजी के प्रभाव के कारण हर इंडस्ट्री बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, ऐसे में हमारे पाठ्यक्रमों में भविष्य के स्किल्स को शामिल करना जरूरी है।



## कांग्रेस ने लगाए आप पार्षद पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे निगम चुनाव लड़ने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जय किशन ने अपने वकील महेश शर्मा के साथ प्रेस वार्ता के दौरान सुल्तानपुरी वार्ड 43 से आप पार्षद बॉबी पर फर्जी कागजात के सहारे 2022 का निगम चुनाव लड़ने के गंभीर आरोप लगाए है। जयकिशन ने चुनाव आयोग से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच की जाए और जांच पूरी होने तक पार्षद बॉबी की सदस्यता रद्द की जाए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पार्षद की सदस्यता ही रद्द नहीं होनी चाहिए बल्कि धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज होना चाहिए। जय किशन के साथ मौके पर मौजूद उनके वकील महेश शर्मा ने बताया की वार्ड 43 पर विजयी आप पार्षद बॉबी ने निगम का चुनाव अनुसूचित जाति महिला के लिए सुरक्षित सुल्तानपुरी वार्ड से चुनाव लड़ा, हमने उस समय भी आपत्ति की थी। वहीं जय किशन ने कहा सूचना के अधिकार अधिनियम से उक्त पार्षद ने उत्तर प्रदेश के दादरी क्षेत्र से अनुसूचित जाति जनजाति का प्रमाण पत्र बनवाया था, वहां से जानकारी ली तो वहां इसका कोई रिकॉर्ड ही नहीं था। उन्होंने दावा किया कि यह बात तहसीलदार ने भी सत्यापित की है, इतना ही नहीं जिस मकान का पता दिया था वहां और उसके आसपास वालों ने भी उसके रहने से इनकार किया है। जबकि जय किशन के अधिवक्ता महेश शर्मा ने कहा की मजेदार बात यह है पार्षद बॉबी को 3 मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश के दादरी से अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है और उसी के आधार पर दिल्ली के कंझावला से मात्र 5 दिन बाद ही 8 मार्च को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। जबकि नियमों के हिसाब से कम से कम कोई व्यक्ति 3 साल जिस राज्य में रह रहा हो उसे ही ऐसा प्रमाणपत्र जारी किया जा सकता है। वकील ने बताया कि इस मामले में हमने रोहिणी कोर्ट में भी एक याचिका दायर की हुई है लेकिन वहां भी अधिकारी अदालत को गुमराह कर समय बर्बाद करने में लगे हुए हैं। जयकिशन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा है कि वह अपने पार्षद की जालसाजी के खिलाफ कार्रवाई करे।

### पार्षद बॉबी ने फर्जी कागजात के आरोपों को बताया पूरी तरह से निराधार

इस मामले पर पार्षद बॉबी से बात करने पर उन्होंने अपने उपर लगे सभी आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है। बॉबी ने कहा कि मैंने चुनाव आयोग में जो भी दस्तावेज लगाए है वह सभी सही और असली है। मेरे ऊपर लगाए गए आरोपों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सभी कागजातों की जांच होती है उसके बाद ही कोई चुनाव लड़ सकते है।

### कोर्ट ने पेड़ों के आसपास से कंक्रीट हटाने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को भीकाजी कामा प्लेस परिसर में पेड़ों के आसपास से तुरंत कंक्रीट हटाने का बुधवार को निर्देश दिया और इस तरह के 'सौंदर्यीकरण' के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने पेड़ों के आसपास कंक्रीट लगाए जाने और इससे वृक्षों को हुए नुकसान के संबंध में एक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई नहीं करने संबंधी अवमानना याचिका पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और वन विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता आदित्य एन प्रसाद ने कहा कि उन्हें अगस्त में पता चला कि डीडीए 'सौंदर्यीकरण' के लिए भीकाजी कामा प्लेस कॉम्प्लेक्स में पेड़ों के चारों ओर एक चबूतरे का निर्माण कर रहा है। न्यायमूर्ति सिंह ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस सौंदर्यीकरण का क्या मतलब है? क्या आप फुटपाथ पर कंक्रीट संरचनाएं बनाते हैं? यह पेड़ों के लिए है। आप इनकी गतिविधि को प्रतिबंधित कर रहे हैं? इसका क्या औचित्य है। अदालत ने वन विभाग के वकील से इस बात का विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा कि शिकायत किए जाने के बावजूद पेड़ों की सुरक्षा के लिए कंक्रीटीकरण के खिलाफ उसके अधिकारियों ने कोई त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की।

## कोरोना के नए रूप ने बढ़ाई लोगों की चिंता

### डॉक्टरों ने कहा : सावधानी बरतने से ही हो सकता है बचाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में कोरोना वायरस के एक नए रूप ने फिर एक बार लोगों की चिंता बढ़ा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में कोरोना के नए सब-वैरिएंट जेएन-1 के चार नए मामले सामने आए है। जिनका दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बता दें कि दिल्ली में अभी तक कुल 20 लाख 14 हजार 448 मामले कोरोना वायरस संक्रमण के दर्ज हो चुके हैं। जबकि 26 हजार से अधिक लोगों की अभी तक मौतें हुई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान नए मामले सामने आने के बाद डॉक्टरों ने लोगों को कोरोना को लेकर अलर्ट रहने को कहा है। डॉक्टरों ने लोगों को मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और स्वस्थ आहार लेने की सलाह दी है। क्रिसमस और नए साल के करीब आने के साथ दिल्ली के कुछ अस्पतालों के डॉक्टरों ने देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप जेएन-1 के पहले मामले का पता चलने का भी हवाला दिया और लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है। कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार कोरोना वायरस सीधे फेफड़ों को प्रभावित कर रहा है, जिसे वायु प्रदूषण के चलते उत्पन्न लक्षणों के कारण चिन्हित करने में दिक्कत हो रही है। इस संक्रमण की जांच ही इसकी रोकथाम का उपाय है, क्योंकि मौसम में बदलाव और प्रदूषण के कारण भी लोगों को अक्सर खांसी, जुकाम और सांस लेने में दिक्कत होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। किसी भी व्यक्ति को कोरोना उन लोगों से हो सकता है जिनमें इस वायरस का संक्रमण है। जब कोरोना से संक्रमित व्यक्ति खांसता, छीकता है या सांस छोड़ता है तो उसके नाक या मुंह से निकली छोटी बूंदों से यह रोग दूसरे में फैल सकता है।

व्यापारियों को नगर निगम का हर विभाग करेगा सहयोग

## छह साल बाद लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की सील दुकानें होंगी डी-सील : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट की न्यायिक समिति ने एक बहुत बड़ी खुशखबरी दी है कि अब 6 साल के बाद लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानें डी-सील होंगी। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय, उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल ने बुधवार को सिविक सेंटर में महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उक्त जानकारी दी। महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की न्यायिक समिति ने व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली के प्रमुख बाजारों में लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों को डी-सील करने का आदेश दिया है। मॉनिटरिंग कमेटी ने 2017-18 में डिफेंस कॉलोनी में जितने भी लोकल शोपिंग कॉम्पेलक्स थे उनकी पहली और दूसरी मंजिल को सील कर दिया था। उस समय मॉनिटरिंग कमेटी ने इन्हें सील कर दिया गया था और कहा गया था कि बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन किया गया है। जिस कारण व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ था और उनका व्यापार बंद हो गया।

उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक समिति का गठन किया जो पूरे मुद्दे की जांच करने के लिये बनाई गई थी। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने बताया कि जब से निगम में आप सरकार बनी है तब से नयी-नयी योजनाएं और सुविधाएं दिल्ली के नागरिकों को दी जा रही हैं। जबकि उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने बताया कि 6 साल के बाद व्यापारियों के हित में बेहतरीन निर्णय आया है, व्यापारियों को नगर निगम का हर विभाग सहयोग करेगा।

महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि डी-सील करने के लिए उचित प्रक्रिया पूरी की जायेगी। संशोधित एफ ए आर को चेक किया जायेगा। अब एफ ए आर (फ्लोर एरिया रेश्यो) के आधार पर दुकानों को डी-सील किया जाएगा। व्यापारियों को अब डीसील प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग में आवेदन करना होगा और अगर अतिरिक्त एफ ए आर चार्ज बनता है तो वह देना होगा। जिन दुकानों की बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चल रहीं हैं, उसके लिये भी उन्हें अतिरिक्त एफ ए आर देना होगा और जिन बेसमेंट को स्टोरेज या गोदामों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है, उन्हें अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा।

### सीलिंग के इस मुद्दे पर जल्द बुलाएंगे सदन की विशेष बैठक : ओबरॉय

महापौर ने कहा कि डी-सीलिंग के इस मुद्दे पर हम जल्द सदन की विशेष बैठक बुलाएंगे, जिसमें हमारे सारे जनप्रतिनिधि चर्चा करेंगे। हम नागरिक सहभागिता में विश्वास रखते है। हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटियों को पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। कई गारंटी हमने पूरी भी कर ली हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार हमेशा व्यापारियों के साथ है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा व्यापारियों के हित की बात की है और आज हम उनके नेतृत्व में व्यापारियों की सहायता के लिये हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हम सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते है और साथ सभी व्यापारियों से आग्रह करते है कि वह जल्द से जल्द आकर संबंधित विभाग में आवेदन करें और सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर अपनी दुकाने डी-सील कराएं।

## पहले सील हुई दुकानें खोली जाए उसके बाद वसूला जाए शुल्क : राजा इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पहले व्यापारियों की सील हुई दुकानें खोली जाए उसके बाद उनसे शुल्क वसूला जाए ताकि उनको जीवन यापन में भी कोई परेशानी न आए। साथ ही दिल्ली नगर निगम को व्यापारी वर्ग के ऊपर लगाए गए एफ ए आर संबंधी शुल्कों में राहत प्रदान करते हुए केवल मूल राशि की वसूली करनी चाहिए। व्यापारी वर्ग को राहत देने के लिए यह मूल राशि भी तीन सालों में अर्धवार्षिक आधार पर वसूलनी चाहिए। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को महापौर डॉ. शैली ओबरॉय की प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही। नेता विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय के दिल्ली में व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान करने वाले डी-सीलिंग के फैसले का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का व्यापारी वर्ग पिछले छह वर्ष से सीलिंग एवं कोरोना की दोहरी मार झेल रहा है ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला निश्चित ही व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान करेगा और भारतीय जनता पार्टी पूरी कानूनी प्रक्रिया के दौरान व्यापारी वर्ग के साथ खड़ी रही है और ये फैसला कहीं न कहीं भाजपा के विश्वास की जीत है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की सत्ता में आने के बाद से आप पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है लेकिन अपने इस कदम से वह जनता को थोड़ी राहत प्रदान कर सकती है।

# नशे के दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड और महिला अपराधों के विरुद्ध दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना सिटी प्रभारी सतीश कुमार, थाना आदर्श नगर प्रभारी, महिला थाना बल्लबगढ़ प्रभारी गीता, सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी माया व दुर्गा शक्ति टीम के द्वारा बल्लभगढ़ सिटी पार्क में आमजन को वीडियो वेन के माध्यम से नशा के दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक किया है।

**नशे से समाज की जड़ें खोखली होती हैं:** थाना प्रबंधक ने सतीश कुमार ने बताया कि नशा से समाज की जड़ों खोखली हो जाती है। आज कल देखने में आ रहा है कि युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है।

फरीदाबाद पुलिस ने आमजन को वीडियो वेन के माध्यम से किया जागरूक



### पीछा करने पर सूचना दें

*इंस्पेक्टर माया ने कर्मचारियों को महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि अगर कोई महिला घर या ऑफिस से निकलती है और कोई व्यक्ति उसका पीछा करता है तो इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर पुलिस को दे। महिला अपनी सुरक्षा के लिए डायल 112 ऐप डाउलोड करे। सूचना के 5-10 मिनट के अन्दर पुलिस टीम आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी।*

### सोशल मीडिया के धोखे से बचें

पुलिस टीम द्वारा बताया कि आरोपी पीड़ितों को लैप्स बीमा पॉलिसी का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर, सोशल मीडिया पर दोस्ती कर ब्लैकमेल करने के नाम पर, कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर, वाउचर जीतने, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर, जाब दिलाने के नाम पर, अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादि के नाम पर फ्रॉड करने वालों से बचने की सलाह दी।

### विदेशी नंबर को नजरअंदाज करें

पुलिस टीम ने बताया कि अगर किसी भी विभाग से कॉल आए तो पीडित को तुरंत सरकारी नम्बर से सम्पर्क कर जानकारी लेनी चाहिए। किसी भी विदेशी नंबर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से विडियो कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी की बहकावे में न आए क्योंकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नहीं मिलते।

## खबर संक्षेप

### बाईक की टक्कर से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-5 एरिया में तेज रफ्तार बाईक की टक्कर से रेहड़ी लगाने वाले युवक की मौत हो गई।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और बाईक चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के सीवान निवासी रामनाथ गुप्ता ने कहा कि वह गुरुग्राम के राजीव नगर में रहता है और अशोक विहार फेज-3 में रेहड़ी लगाता है।

### बीएमडब्ल्यू देने के नाम पर 27.5 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 एरिया में जालसाजों ने पुरानी बीएमडब्ल्यू देने के नाम पर युवक से 27.5



लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने कंपनी के अधिकारियों पर भी ठगी में मिलीभगत का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-4 में रहने वाले श्रेष्ठ शर्मा ने यह जानकारी दी।

### यात्रा के जरिए बदलाव का संदेश दे रहे हैं

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि



प्रदेश में 15 दिसंबर से शुरु हुई आप पार्टी की बदलाव यात्रा में कार्यकर्ता लोगों को प्रदेश में बदलाव का संदेश दे रहे हैं। ईब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने के नारे के साथ यह यात्रा प्रदेश की 90 विधानसभाओं में 24 दिसंबर तक निकाली जाएगी।

### ट्रैफिक पुलिस का स्पेशल चेकिंग अभियान

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्पेशल अभियान के अन्तर्गत फुटपाथ एवं साइकिल ट्रैक पर



ड्राइविंग, स्कूल बस के व अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1962 वाहन चालकों के चालान किए है। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने एक दिन में 119 बस चालकों के चालान काटे हैं तथा 94 फुटपाथ ड्राइविंग के चालान काटे गए हैं।

### बुलडोजर ने अवैध कॉलोनी ध्वस्त की

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर बुधवार को प्रवर्तन जोन 4 में चला जहां



जीडीए द्वारा डूब क्षेत्र में की गई अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। जोन 4 की प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता प्रबुद्ध राज सिंह, एक सिंह ,अवर अभियंता चंद्रमौली पांडेय, अनूप श्रीवास्तव व संजय की टीम आज डूब क्षेत्र में पहुंची और वहां पर भूमाफिया द्वारा अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनी को तहस किया।

### सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** फिल्मों में हीरोइन बनाने का सपना दिखाकर दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक



दुष्कर्म करने वाले तीन युवकों को मोदीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मोदीनगर की रहने वाली इस छात्रा की इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक से हुई थी। बाद में फोन पर दोनों की बातें होने लगी। आरोपी युवक ने फिल्म इंडस्ट्री में अच्छी पकड़ बताते हुए किशोरी को अपनी बातों के जाल में फंसाकर उसे होटल में बुला लिया।

### विधायक राजेश नागर ने चंडीगढ़ सदन में रखीं तिगांव विधानसभा क्षेत्र की मांगें

# नगर निगम में शामिल गांवों में तेजी से हों विकास के कार्य, मिलें सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- विकास कार्यों के प्रति सीएम का जताया आभार
- सेक्टर 8 से तिगांव घरौड़ा तक बाईपास बनाया जाए
- खेड़ी गांव में बने 200 बैड का अस्पताल

*तिगांव से विधायक राजेश नागर ने नगर निगम में शामिल किए गए गांवों में तेजी से विकास कार्य करने तथा ग्रेटर फरीदाबाद के लिए अलग एसडीएम व नगर निगम के जाइंट कमिश्नर की मांग सदन के पटल पर रखी।*

तिगांव से विधायक राजेश नागर ने नगर निगम में शामिल किए गए गांवों में तेजी से विकास कार्य करने तथा ग्रेटर फरीदाबाद के लिए अलग एसडीएम व नगर निगम के जाइंट कमिश्नर की मांग सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए यमुना बन रहे मंझावली पुल के बाद सड़कों पर दबाव घटाने के लिए सेक्टर 8 से तिगांव घरौड़ा तक एक बाईपास बनाया जाए। इसका 53 करोड़ रुपए का एस्टीमेट बनाया जा चुका है। जिसे जल्द मंजूरी दी जाए। इसके साथ ही खेड़ी गांव की सीएचसी को 200 बैड का अस्पताल बनाया जाए। जिससे स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने ग्रेटर फरीदाबाद में जिमखाना क्लब की फाइल को मंजूरी की बात भी रखी।

### सड़कें बनाने का काम चल रहा है

*नागर ने बताया कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए लागत की सड़कों काम काम हो चुका है और कई करोड़ रुपए लागत की सड़कों पर काम चल रहा है। इनमें खेड़ी गांव से मंझावली गांव तक 108 करोड़ रुपए की लागत से सड़क बन रही है। वहीं बुढैना गांव से तिगांव तक फोर लेन सड़क, तिगांव से भुआपुर से जसाना, बल्लभगढ़ से तिगांव मंझावली रोड़, खेड़ी पुल से ददसिया सड़क पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी विधानसभा में 25 करोड़ रुपए की लागत की सड़कें बनाई जा चुकी हैं वहीं 25 करोड़ रुपए की लागत से सड़क बनाने का काम जारी है। इसके अलावा सेक्टर 31 में इंडोर स्टेडियम, तिगांव से बुखारपुर सड़क और तिगांव से जुन्हैडा सड़क बनकर तैयार हो गई हैं। इसके लिए क्षेत्र की जनता की ओर से सीएम मनोहर लाल का धन्यवाद करते हैं।*

### कॉलेज, स्कूल बनाए गए

*उन्होंने अपनी तिगांव विधानसभा में अनेक विकास कार्य होने पर सीएम मनोहर लाल का आभार भी जताया। नागर ने कहा कि उनके क्षेत्र मोठूका में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज, तिगांव में डिजिटल आइटीआई, नचौली में महिला कॉलेज, तिगांव में मॉडल संस्कृति स्कूल, उसके लिए नई इमारत और लड़कियों के लिए नई इमारत, फरीदपुर में स्कूल की नई बिल्डिंग दी गई हैं। बडौली स्कूल को अपग्रेड करने के लिए उसकी नई बिल्डिंग का काम चल रहा है वहीं घरौडा, चांदपुर, महावतपुर के सरकारी स्कूलों को भी अपग्रेड किया गया है।*

### गांव के विकास के लिए निगम को दिए 300 करोड़

विधायक नागर ने हाल ही में नगर निगम में शामिल हुए गांवों में सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताया। उन्होंने इन गांवों में सफाई, सीवर, पानी आदि के कामों को सुचारू गति दिए जाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि इन गांवों ने नगर निगम को 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी है। नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद में एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनाए जाने की मांग को भी दोहराया।

### बाढ़ प्रभावितों को दें राहत

विधायक नागर ने कहा कि उनकी तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गांव अमीपुर, अरुआ, शाहजहांपुर और इमामुद्दीनपुर 1927 में यमुना नदी में बह गए थे। तत्कालीन कमिश्नर एसएस ब्रेन ने उनको देह शामलात में बसा दिया था, तभी से वह वहां रह रहे हैं लेकिन उनको कभी भी नोटिस आ जाते हैं, उन्हें कोई पॉलिसी बनाकर राहत दी जाए।

### अमृत योजना में पानी की लाइन

नागर ने कहा कि उनके क्षेत्र की पल्ला सेहतपुर आदि क्षेत्रों में अमृत योजना के तहत पानी की लाइन डाली जा रही हैं। यहां की सड़कों, गलियों, नालियों का काम भी जल्द करवाया जाए। इसके साथ ही बसंतपुर, इस्माइलपुर, अगवानपुर में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ा टाउन पार्क बनाया जाए। उन्होंने अशोका एनक्लेव में नई सीवर लाइन डाले जाने की मांग भी सदन में रखी।

### नगर आयुक्त सिंह ने दिए निर्देश

# रैन बसेरों पर फागिंग तथा सफाई की व्यवस्था रखें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है जिसके क्रम में लगभग 30 स्थान पर अलाव की व्यवस्था प्रतिदिन सायं काल में कराई जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निराश्रितों को ठंड से बचाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके क्रम में निगम अधिकारी रैन बसेरे की व्यवस्था में कार्यवाही कर रहे हैं साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था भी कराई जा रही है, बसअड्डे, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों के बाहर, चिकित्सालयों के बाहर, ठंड से परेशान लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था कराई गई है।



### निराश्रित सड़कों पर न

बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अस्थाई रैन बसेरे की व्यवस्था भी की गई है। नगर आयुक्त ने कहा कि रेन बसेरों की सूचना के लिए शहर में दिशा सूचक भी लगाएं। कोई भी निराश्रित सड़कों पर न सोए इसका विशेष ध्यान रखें। बताया गया कि जोन प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है, शहर में लगभग 6 स्थान पर अस्थाई रैन बसेरे बन रहे हैं। मिर्जापुर डबल टंकी के पास विजयनगर, कोतवाली के सामने जीटी रोड, रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर, पैसिफिक मॉल के सामने कौशांबी, रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद, हापुर रोड कवि नगर फ्लाईओवर के पास व्यवस्था की गई है।

### जोन प्रभारी प्रतिदिन व्यवस्था देंखे

रैन बसेरों में फॉगिंग व सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिये नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को कड़े निर्देश दिए हैं। संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश द्वारा बताया गया कि महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार सभी रैन बसेरे व्यवस्थित हैं सड़कों पर सोने वाले निराश्रितों से समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए आश्रय स्थलों के लिए अवगत कराया जा रहा है। जोन के प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन जोनों की व्यवस्था को देख रहे हैं।

### नगर निगम ने वन विभाग को दी जमीन

# वन योजना के तहत 1.6 हेक्टेयर क्षेत्र में हरे-भरे वृक्ष लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम ने 1.6180 हेक्टर जमीन वन विभाग को दी है। जिस पर वन विभाग द्वारा पौधारोपण कर हरे भरे वृक्ष लगाए जाएंगे तथा स्थान को वन का रूप दिया जाएगा।



संपत्ति विभाग की टीम तथा वन विभाग की टीम ने आपसी समन्वय कर वन बनाने के लिए स्थान का चयन किया। इस जमीन पर स्वामित्व नगर निगम गाजियाबाद का ही रहेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने यह जानकारी दी।

मलिक ने बताया कि वन विभाग ने वन योजना के अंतर्गत जमीन की मांग की गई जिसके क्रम में सिद्धिक नगर तथा नूर नगर में स्थान का चयन करते हुए वन विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए नगर वन योजना के अंतर्गत जमीन दी गई है। सिद्धिक नगर में 10000 वर्ग मीटर जिनका खसरा नंबर 316 मी, 319 मी, 322 मी, 326 मी, 327 मी, 329 मी, 331 मी, 333 मी, 335 मी है।

### 100 से अधिक छात्रों को मिला रोजगार

# डीपीजी कॉलेज में हुआ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज और डीपीजी पॉलीटेक्निक द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कराया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव मारुति सुजुकी के साथ एसोसिएशन में करा गया। जिसमें प्रेम मोटर्स, पॉस्को ऑटोमोबाईल्स, डिंको 4 विल्स, मोटरक्रॉफ्ट सेल्स, विपुल मोटर्स, कंपोटेंट ऑटोमोबाईल्स, एमएसएम जैसी 20 कंपनियां सहभागी और चयनकर्ता बनी। डीपीजी डिग्री कॉलेज, डीपीजी पॉलीटेक्निक एवं डीपीजी स्कूल ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के छात्र शामिल हुए।




### छात्रों को नए अवसर प्रदान करेंगे

डीपीजी डिग्री कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत ने कहा कि आगामी समय में और भी ऐसी पहलों का आयोजन करेंगे, जो हमारे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान करेंगे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। कॉलेज का यह मिशन है कि, उनके छात्र न केवल अच्छे पेशेवर योग्यताओं के साथ उभरें, बल्कि समाज में भी योगदान करें।

### महापौर सुनीय दयाल ने दिए निर्देश

# नर्सरी संचालक पौधे एवं पैसे समय से जमा करें, साफ-सफाई रखें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने शहर में नर्सरियों का निरीक्षण किया। साथ ही उनकी पैमाइश भी अपने सामने कराई। महापौर ने बताया कि शहर में नर्सरियों की शिकायत मिल रही थी। पूर्व में भी नर्सरियों की अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की थी। नर्सरियों में चोरी से मछलियां बेचने का कार्य हो रहा था जिसे बंद कराया गया। उन्होंने बताया कि शहर में चल रही नर्सरियों की पैमाइश, हर वर्ष दिए जाने वाले पौधे, वार्षिक राशि की पर्ची, अवैध झुग्गियां व खोके का निरीक्षण किया।

### नोटिस उपरांत करें सख्त कार्रवाई

*निरीक्षण दौरान पाया गया कि साफ-सफाई नहीं है। जालियां टूटी-फूटी, तारकोल के बोर्ड, झुग्गियां एवं खोके आदि पाए गए जिसको सही रूप से सर्वे की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे पूरा होने के बाद नर्सरियों पर नोटिस उपरांत निरस्तीकरण की सख्त कार्यवाही की जाएगी। महापौर ने सभी नर्सरी संचालकों को एवं खोके वालो को खोके हटाने के एक बार मौखिक निर्देश दिया है जिस पर उद्यान विभाग की कार्यवाही भी की जा रही है, उसके बाद सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी। उद्यान प्रभारी ने बताया कि महापौर द्वारा निर्देश पर उद्यान विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है सर्वे भी किया जा रहा है नर्सरी संचालकों द्वारा संचालन में अनियमितता मिलने पर निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।*

### सिलक्यारा टनल के हीरो को आईआईएसएसएम ने किया सम्मानित

# बंदरगाहों पर 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 30 प्रतिशत कम करने का लक्ष्य: सर्बानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरित भविष्य की दिशा में अपनी यात्रा में हम अपने कार्बन पदचिन्ह को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मंत्रालय अपने प्रत्येक प्रमुख बंदरगाह की कुल बिजली मांग में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत से कम की वर्तमान हिस्सेदारी से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने का इरादा रखता है। बंदरगाहों ने वर्ष 2030 तक कार्गो हैंडल के कार्बन उत्सर्जन पार्ट टन को 30 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और आयुष मंत्रालय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने अपने वीडियो संबोधन में यह बातें कही।

### ये गणमान्य रहे उपस्थित

*इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट का 33वां वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव 19 से 20 दिसंबर 2023 को होटल ताज विवांता, सूरजकुंड, फरीदाबाद में आयोजित किया गया। संस्था के 33वें वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव के समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद आर.के. सिन्हा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है आईआईएसएसएम के 2 दिवसीय कॉन्क्लेव में आपको बहुत सारी जानकारियां मिली होंगी। आप सभी आईआईएसएसएम जुड़े रहे और अपने ज्ञान को बांट कर अपने ज्ञान में वृद्धि करते रहें।*



### 16 जवानों को किया सम्मानित

सूरजकुंड स्थित होटल ताज विवांता में आयोजित आईआईएसएसएम के 33वें वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव के दूसरे दिन एनडीआरएफ के 15 बटालियन के अधिकारियों और जाबाज जवानों को संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद आर.के. सिन्हा ने प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मानित अधिकारियों में एनडीआरएफ के 15 बटालियन कमांडेंट सुदेश कुमार, सीएमओ शैलेश कुमार चौधरी और सेकेण्ड इन कमांड रवि शंकर सहित कुल 16 जवानों को सम्मानित किया गया।

### भारत हाइड्रोजन हब विकसित कर रहा


सोनोवाल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जारी समुद्री अमृतकाल विजन 2047, एक टिकाऊ समुद्री क्षेत्र और जीवंत के भारत के दृष्टिकोण पर एक खाका है नीली अर्थव्यवस्था हमारे बंदरगाह वर्ष 2030 तक हरित हाइड्रोजन के प्रबंधन, भंडारण और उत्पादन में सक्षम हाइड्रोजन हब विकसित कर रहे हैं। हमारा पीएसयू कोशिन शिपयार्ड लिमिटेड हरित शिपिंग के लिए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और विनिर्माण कर रहा है और उसने हरित वाहन के निर्माण में वैश्विक बढ़त हासिल की है। जलवायु परिवर्तन को कम करने में समुद्री उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### नाबार्ड द्वारा प्रकाशित ऋण योजना पुस्तक का किया विमोचन

# सरकारी योजनाओं से विलंबित आवेदनों को तुरंत करें निपटारा: डीसी विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अग्रणी बैंक वर्ष 2023 की द्वितीय तिमाही की समीक्षा बैठक का आयोजन लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में किया गया। अध्यक्षता डीसी विक्रम सिंह और संचालन जिला अग्रणी मंडल प्रबंधक हरिओम शर्मा ने की। सिंह ने बैंकों की कार्य शैली, उनकी उपलब्धियां व कमियों की समीक्षा की। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से जिले के सभी वर्गों के लोगों को सुविधाजनक ढंग से ऋण स्वीकृत करने के आदेश दिए। नाबार्ड द्वारा प्रकाशित संभाव्यतायुक्त ऋण योजना पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पीयूष गोयल ने धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।


हरियाणा सरकार
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
चिरायु हरियाणा
"आयुष्मान भारत ने करोड़ों गरीब परिवारों को मुफ्त उपचार की निश्चिंतता दी है।"
- नरेन्द्र मोदी
आयुष्मान भारत / चिरायु योजना
₹5 लाख वार्षिक मुफ्त इलाज का लाभ
अब हरियाणा में एक करोड़ से अधिक आयुष्मान / चिरायु कार्ड जारी
₹1.80 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को मिल रहा
₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं
https://beneficiary.nha.gov.in/
अथवा
क्यू आर कोड स्कैन करें
अब ₹1.80 से ₹3 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मामूली अंशदान पर मिल रहा लाभ
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं
https://chirayuayushmanharyana.in/
अथवा
क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipirharyana







डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


# एलर्जी की वजह से भी सर्दी में आती हैं छींकें



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी के मौसम में रोज सुबह छींकें आती हैं, कुछ देर बाद खुद ही बंद हो जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, राहत के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**राम आसरे, अंबिकापुर**

इस मौसम में काफी लोगों को इस तरह की समस्या होती है। ऐसा एलर्जी से होता है। इसमें जैसे ही व्यक्ति रजाई या कमरे से बाहर निकलकर खुले में आता है, छींकें आने लगती हैं। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि आप कमरे से बाहर निकलने से पहले कैप लगा लें और पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं कमर दर्द से परेशान रहता हूं। अकसर पेन किलर खाता हूं। इससे पेट भी खराब हो जाता है। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-करमेंद्र, जींद**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका कमर दर्द हो रहा है, इसके लिए आपको विटामिन डी की जांच करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय काफी संख्या में लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। लोग धूप में कम बैठते हैं, इस वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके साथ ही आप नियमित रूप में सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। एक बार आप फिजियोथैरेपिस्ट से भी संपर्क करें। वे आपको कुछ एक्सरसाइज बताएगें। इसके साथ ही कैल्शियम की जरूरी मात्रा लेने के लिए नियमित दूध का सेवन करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी। कोशिश करें कि पेन किलर कम से कम खाएं।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं दिन में दो बार भरपेट खाता हूं, फिर भी कुछ घंटे बाद ही भूख महसूस होती है। मेरा वेट भी ज्यादा नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।**

**आकाश, भिलाई**

आपकी समस्या पढ़कर लगता है आपको सबसे पहले शुगर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि शुगर लेवल अधिक होने पर भूख बार-बार लगती है और वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए आप एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं। उसके बाद ही उपचार शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जाड़े में गर्म पानी से नहाता हूं। लेकिन नहाने के बाद स्किन ड्राय हो जाती है। इचिंग भी होती है। ऐसा ना हो, इसका कोई उपाय बताएं।**

**-हेमंत, भोपाल**

सबसे पहले आप कोशिश करें कि अधिक गर्म पानी से ना नहाएं, यानी बहुत ठंडे या गर्म के बजाय पानी को नॉर्मल कर लें और उससे नहाएं। साथ ही बाथरूम में नारियल का तेल रखें, नहाने के तुरंत बाद जब त्वचा गीली हो, तभी नारियल का तेल त्वचा पर लगा लें। इस तरह आपको ड्रायनेस और खुजली से राहत मिलेगी।

**मैं 50 वर्ष का हूं। हार्ट पेशेंट हूं। दवा तो लेता हूं, लेकिन इसके साथ हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए?**

**अमरीश, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप हार्ट के पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक तला-भुना खाना कम कर देना चाहिए या नहीं खाना चाहिए। साथ में आप सुबह-शाम आधे-आधे घंटे की सैर करें। खाने में सलाद जरूर शामिल करें। रात में समय से सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठें। खाने में नमक कम खाएं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मैं कितने भी कपड़े पहन लूं, मुझे सर्दी बहुत महसूस होती है। सामान्य काम करने में परेशानी होती है। क्या डाइट में कुछ बदलाव से राहत मिल सकती है, कृपया बताएं।**

**-श्रीप्रकाश, कोरबा**

हर आदमी का बॉडी स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है, कुछ लोगों को सर्दी कम महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप कपड़े अधिक पहनें, साथ ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें और रात में हल्दी मिलाकर दूध पिएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---


डॉक्टर एडवाइस

डॉ. धीरज कपूर

सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम


ब्लड में शुगर लेवल का बढ़ना यानी डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें लापरवाही बरतने से कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचाव के लिए डायबिटीज पेशेंट्स को अपना शुगर लेवल मेंटेन करने के साथ किसी भी तरह की शारीरिक असामान्यता पर नजर रखनी चाहिए। इस बारे में आपके लिए बहुत ही यूजफुल इंफॉर्मेशंस हम दे रहे हैं।

# डायबिटीज की वजह से बढ़ती है कई बीमारियों की आशंका



आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा डायबिटीज यानी मधुमेह का शिकार हो रहा है। इससे जुड़ी चिंताजनक बात यह है कि डायबिटीज के मरीजों में कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

## हार्ट डिजीज

किसी इंसान को पहले से डायबिटीज हो तो उसे हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। खून में शुगर लेवल बढ़ने के कारण धीरे-धीरे हृदय की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं। फिर रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। नतीजा, ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ने लगता है, जो कई बार हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए संतुलित खान-पान और नियमित व्यायाम से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। घी, तेल, चीनी, मैदा, एल्कोहाल, सिगरेट और डिब्बा बंद जंक फूड्स से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि उनमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं। जब डायबिटीज के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने और खून को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, ताकि रक्तप्रवाह में कोई रुकावट ना हो।

## डायबिटिक रेटिनोपैथी

जब शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो इसकी वजह से आंखों की दृष्टि भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में आंखों की रेटिना को पोषण प्रदान करने वाली अतिसूक्ष्म रक्त वाहिकाएं नष्ट होने लगती हैं, जिससे आंखों की दृष्टि धुंधली पड़ने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए आंखों में कोई तकलीफ ना हो तो भी डायबिटीज पेशेंट्स साल में एक बार आई चेकअप जरूर करवाएं। जांच के दौरान अपने आई स्पेशलिस्ट को डायबिटीज के बारे में जरूर बताएं, ताकि सही समय पर समस्या की पहचान करके इसका उपचार शुरू किया जा सके।



## डायबिटिक नेफ्रोपैथी

जब शुगर लेवल के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थित में किडनी की अति सूक्ष्म रक्तवाहिकाओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता घटने लगती है। जब किडनी ब्लड को अच्छी तरह फिल्टर नहीं कर पाती तो ऐसी स्थिति में यूरिन से अधिक मात्रा में प्रोटीन डिस्चार्ज होने लगता है, जिससे शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है। परिणामस्वरूप वाटर रिटेंशन यानी शरीर में पानी जमा होने और सूजन की समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इससे बचाव के लिए चीनी और नमक का सेवन अत्यंत सीमित मात्रा में करना चाहिए। उपचार के दौरान वाटर रिटेंशन दूर करने वाली दवाएं दी जाती हैं। जब तक यूरिन से प्रोटीन का डिस्चार्ज होता है, तब तक दवाओं की मदद से किडनी को नुकसान से बचाया जा सकता है, लेकिन जब ब्लड में यूरिया और क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ने लगती है, तो यह स्थिति मरीज के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है। इससे बचाव के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अगर डायबिटीज के साथ हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो तो बीपी को नियंत्रित करने के लिए भी नियमित रूप से दवाएं दी जाती हैं।

## डायबिटिक न्यूरोपैथी

डायबिटीज के अधिकतर मरीजों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर जिन पेशेंट का ब्लड शुगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहता है, उनके हाथ-पैरों की नसों में दर्द, झनझनाहट और खिंचाव जैसे लक्षण नजर आते हैं। कई बार पैरों में सुइयां चुभोने या चीटियां रेंगने जैसा एहसास होता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए सबसे पहले संयमित खान-पान, एक्सरसाइज और वॉक के माध्यम से बढ़ते शुगर लेवल को कंट्रोल किया जाना चाहिए। ऑफिस में लंबे समय तक सीट पर बैठने का काम है तो पैरों को सपोर्ट देने के लिए अपनी सीट के नीचे छोटा-सा स्टूल रखें। रात को सोते समय पैरों के नीचे ऊंचा तकिया रखें, ताकि रक्त प्रवाह सही ढंग से हो। गुनगुने पानी से भरे टब में सेंधा नमक मिलाकर उसमें पैरों को डुबोकर रखें, इससे भी पैरों को आराम मिलेगा। उपचार के दौरान डॉक्टर नसों आराम पहुंचाने के लिए कुछ पेनकिलर्स देते हैं।



## डायबिटिक फुट

डायबिटीज होने पर पैरों में रक्त प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पाता, जिससे मामूली चोट लगने या एड़ियां फटने पर संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो पैरों में गैंगरीन हो सकता है।

**बचाव-उपचारः** बचाव में पैरों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे एड़ियां ना फटें, जूते के साथ हमेशा साफ मोजे पहनें। पैरों को चोट से बचाकर रखें। पैरों में चोट लगने पर या पैरों में किसी तरह का जख्म होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

## हाइपोग्लाइसीमिया

किसी व्यक्ति का शुगर लेवल अचानक 70 एमजी से नीचे चला जाए तो ऐसी शारीरिक दशा को हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। आमतौर पर अधिक मात्रा में डायबिटीज की दवा लेने, इंसुलिन की डोज बढ़ाने और लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ऐसी समस्या होती है। चक्कर आना, पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना और बेहोशी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** डायबिटीज की समस्या हो तो हमेशा अपने साथ ग्लूकोमीटर रखें। अगर कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे तो, तत्काल कोई मीठी चीज खाएं। ज्यादा देर तक खाली पेट ना रहें।

## डायबिटीज कीटोएसिडोसिस

जब शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण शुगर लेवल बढ़कर 400 से 500 एमजी हो जाए, तो ऐसी शारीरिक दशा को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस कहते हैं। गला सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** नियमित रूप से डायबिटीज की दवा लें। अगर इंसुलिन लेते हैं, तो नियमित इंसुलिन लेना ना भूलें। गंभीर स्थिति होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं।



## कमजोर इम्यून सिस्टम

डायबिटीज के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे व्यक्ति को सर्दी, जुकाम, खांसी, संक्रमण और बुखार जैसी समस्याएं अकसर परेशान करती हैं।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए अपने नियमित आहार में विटमिन सी युक्त खट्टे फलों जैसे- संतरा, मौसंबी, नीबू, आंवला और हरी सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर कोई भी संक्रमण हो तो डॉक्टर से दवा लें। *

**प्रस्तुति : विनीता**

---


अवेयरनेस

अंजू जैन


# इन दवाओं से भी बढ़ सकता है वेट



कई लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि सामान्य डाइट लेने, जंक फूड नहीं खाने और एक्टिव रहने के बावजूद भी उनका वेट क्यों बढ़ रहा है? इस बारे में यह जानना जरूरी है कि कुछ खास दवाओं का सेवन भी वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। आइए जरा जान लें इनके बारे में।

**स्टेरॉयड्सः** अस्थमा और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में डॉक्टर जरूरत पड़ने पर ये दवाएं देते हैं। ये दवाएं भूख बढ़ाती हैं और रक्त में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ाती हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया बाधित होती है, वजन बढ़ता है और डायबिटीज भी हो सकता है।

**गर्भ निरोधक गोलियांः** कुछ गर्भ निरोधक गोलियों के कारण भी वजन बढ़ सकता है। इनमें मौजूद प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के साइड इफेक्ट से शरीर में तरल बढ़ने की समस्या होती है, जिससे महिलाओं का वजन बढ़ता है। लेकिन सारी बर्थ कंट्रोल पिल्स एक जैसी नहीं होती हैं। किसी दवा से ऐसा हो, तो चिकित्सक की सलाह से दवा बदल सकते हैं।

**डिप्रेशनरोधी दवाएंः** एंटीसाइकोटिक दवाओं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो शरीर और ब्रेन को तनावमुक्त कर देते हैं। इन दवाओं के सेवन से नींद ज्यादा आती है, इसलिए मरीज का वजन बढ़ने लगता है।



**मल्टी विटामिन दवाएंः** बिना जरूरत अपनी मर्जी से विटामिन की गोलियां लंबे समय तक लेने से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया ज्यादा एक्टिव हो जाती है। नतीजतन भूख ज्यादा लगने लगती है। ऐसे में व्यक्ति ज्यादा खाता है और मोटा हो जाता है।

**बीपी कंट्रोलर पिल्सः** हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोज इसे कंट्रोल करने की दवा लेनी पड़ती है। ये दवाएं कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया धीमी कर देती हैं और साथ ही वाटर रिटेंशन की समस्या भी बढ़ा देती हैं। इनकी वजह से भी मोटापा आ सकता है।

**हार्मोन सप्लीमेंट्सः** कुछ महिलाओं में हार्मोन संतुलन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भूख बढ़ती है और वाटर रिटेंशन की भी समस्या होती है। इससे शरीर में वसा जमा होने लगती है।

इनके अलावा अपने मन से ज्यादा एंटीबायोटिक्स लेने, माइग्रेन की दवाएं खाने या डायबिटीज की कुछ दवाएं लेने से भी मोटापे की समस्या हो सकती है। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

---


प्रिकॉशन

डॉ. संजीव डांग

ईएनटी सर्जन

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली


वैसे तो हाइजीन और प्रोटेक्शन का ध्यान ना रखने पर ईयर इंफेक्शन किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सर्दियों में इसकी आशंका बढ़ जाती है। इसके होने के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

# सर्दियों में बढ़ जाती है ईयर इंफेक्शन की आशंका

सर्दी के मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा, कान के संक्रमण यानी ईयर इंफेक्शन की आशंका भी बढ़ जाती है। इस वजह से मध्य और भीतरी कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण सूजन आ जाती है। इन दिनों कई अस्पतालों में रोजाना कुछ मरीज कान में संक्रमण, खुजली और सूजन की समस्या लेकर आ रहे हैं। दरअसल, ठंड का मौसम बैक्टीरिया और वायरस को विकसित होने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**संक्रमण के कारणः** कान में संक्रमण और सूजन का मुख्य कारण, ठंड में कमजोर प्रतिरक्षा को माना जा सकता है। कई बार कान में मौजूद नमी या बैक्टीरिया, कानों में होने वाले ओटिटिस मीडिया का कारण बनते हैं। यह संक्रमण गले में खराश या श्वसन संक्रमण के कारण भी हो सकता है क्योंकि इस वजह से कान की यूस्टेशियन ट्यूब ब्लॉक हो जाती है और असहनीय दर्द होता हैं। कुछ लोगों में साइनसाइटिस का इलाज ना किए जाने पर भी कानों में प्रॉब्लम पैदा हो सकती है। दरअसल, कान का संक्रमण, नाक और गले के संक्रमण से भी जुड़ा होता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम के दौरान कानों में अत्यधिक सूखापन और एलर्जिक राइनाइटिस के कारण भी संक्रमण हो जाता है। इससे कान में फंगल इंफेक्शन हो सकता है, जिसे ओटोमाइकोसिस कहा जाता है। कई बार खांसी होने और सर्दी लगने पर एक्यूट ओटिटिस मीडिया (एओएम) जैसे कान संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो जाती है। अधिक ठंड भी कान में दर्द का कारण बन सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम ईयर कैनाल्स के संवेदनशील ऊतकों में जलन पैदा करता है, इससे कान में दर्द हो सकता है। ठंड के महीनों में रक्त संचार कम होने से भी कान में संक्रमण की आशंका बढ़ सकती है।



**संक्रमण के लक्षणः** संक्रमण की वजह से कान में दर्द होना, चक्कर आना, सिरदर्द होना, असामान्य स्राव और अस्थायी सुनने में कमी आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खुली जगह में ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से भी कान का दर्द गंभीर हो सकता है और इसके लिए तत्काल ट्रीटमेंट करना जरूरी है।

**उपचार के तरीकेः** कान में संक्रमण के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से कंसल्ट कर तुरंत उनके बताए ईयर ड्रॉप्स का उपयोग करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह लेकर एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टेमाइन और दर्द निवारक दवाई का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई ना लें या किसी ओवर-द-काउंटर ईयर ड्रॉप का उपयोग ना करें।

**संक्रमण से बचावः** संक्रमण की वजह से कान के दर्द को कम करने के लिए आइस पैक या हीटिंग पैड या नम कपड़े का उपयोग करें। नहाते समय ध्यान रखें कि कानों में पानी ना जाए। घर से बाहर जाते समय कैप, हेडबैंड या स्कार्फ पहनकर कानों को गर्म रखें। हवा से बचाने के लिए कानों में रुई का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से कान की नलिका में सूजन आ सकती है। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें, इससे कानों में कीटाणुओं के संक्रमण से बचाव होगा। फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवा लें। धूम्रपान से दूर रहें, इससे श्वांस नली में जलन पैदा हो सकती है। कान में संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ईयरमफ पहनने और सामान्य सर्दी, फ्लू और साइनसाइटिस से बचाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट कर बचाव के उपाय करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**




# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# 16 जनवरी से प्रतिष्ठा पूजन शुरू होगा, 48 दिन तक चलेगी मंडल पूजा, 22 जनवरी को बड़े मंदिरों में होगी पूजा-अर्चना

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की जैसे-जैसे तारीख नज़दीक आ रही है रामभक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का पूजन 16 जनवरी से शुरू हो जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा पूजन के बाद 48 दिन की मंडल पूजा होगी जो विश्वप्रसन्न तीर्थ के नेतृत्व में होगी। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस समारोह को बेहद भव्य बनाने की तैयारियां की गई है। रामलला की जब प्राण प्रतिष्ठा होगी तो देश के तमाम बड़े मंदिरों में पूजा अर्चना होगी और पूरा देश एकजुट हो जाएगा।

## नगर के हर कोने में लंगर, भोजनालय, भण्डारा और अन्नक्षेत्र चलेंगे



22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह कैसा होगा। इसके लिए क्या-क्या तैयारियां की गई है, इसकी जानकारी राम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से दी गई है। ट्रस्ट के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी परम्पराओं के साधु-संत के साथ ही किसी भी क्षेत्र में देश का सम्मान बढ़ाने वाले सभी प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### श्रद्धालुओं के टिन का नगर

नवस्थापित तीर्थक्षेत्रपुरम (बाग बिजैसी) में टिन का नगर बसाया गया है। जिसमें छः नलकूप, छः रसोई घर और दस बिस्तरों वाला एक अस्पताल स्थापित किया जा रहा। देशभर के लगभग डेढ़ सौ चिकित्सकों ने इसमें क्रमिक सेवा के लिए अपनी स्वीकृति दी है। इसके साथ नगर के हर कोने में लंगर, भोजनालय, भण्डारा, अन्नक्षेत्र चलेंगे।

### 4 हजार संतों को आमंत्रण

ट्रस्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए करीब चार हजार संतों को आमंत्रण भेजा गया है। हमारा प्रयास है कि सभी परंपराओं के संत आएं। सभी शंकराचार्य महामण्डलेश्वर सिख और बौद्ध पंथ के शीर्ष सन्तों को बुलावा भेजा गया है। स्वामी नारायण, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, किसान, कला जगत के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा 1992 से 1984 के बीच सक्रिय पत्रकारों को भी बुलावा भेजा गया है। कारसेवकों के परिजनों को भी निमंत्रण भेजा गया है।

### तीन में से एक मूर्ति चुनी जाएगी

रामलला की मूर्ति तीन मूर्तिकारों क्रमशः गणेश भट्ट, अरुण योगिराज, सत्यनारायण पांडेय द्वारा तैयार की जा रही है, इनमें में से जो भी मूर्तिकार पांच वर्ष के बालक की कोमलता को उकेरने में सफल होगा, उसी की मूर्ति चुनी जाएगी।

### 16 जनवरी से शुरू होगी पूजा

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पूजन 16 जनवरी से शुरू हो जाएगा। काशी के गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, लक्ष्मीकांत दीक्षित (कर्मकांड) पूजा सम्पन्न कराएंगे। प्राण-प्रतिष्ठा पूजन के बाद 48 दिन की मंडल पूजा होगी जो विश्वप्रसन्न तीर्थ के नेतृत्व में होगी।

### 21 जनवरी दोपहर तक पहुंचे अयोध्या

ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले मेहमानों को 20 जनवरी की शाम से 21 जनवरी की दोपहर तक आने की सलाह दी गई है। अगर वो 22 जनवरी की सुबह पहुंचते हैं तो उनके अयोध्या प्रवेश की व्यवस्था नहीं हो पाएगी। निमंत्रित लोगों को अपना आधार कार्ड साथ रखने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही सुरक्षा कारणों से मोबाइल और पर्स जैसे सामान ले जाने की भी मनाही होगी। 22 जनवरी को कार्यक्रम स्थल पर सुबह 11 बजे से पहले सभी को प्रवेश करना होगा। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तीन घंटे तक चल सकता है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने और वापसी के लिए एक किमी पैदल चलना होगा।

### एक न्योते पर सिर्फ एक एंट्री

*ट्रस्ट ने साफ कर दिया है कि निमंत्रण पत्र व्यक्तिगत होगा, एक निमंत्रण पर एक ही व्यक्ति का प्रवेश संभव है। एंट्री के वक्त निमंत्रण पत्र साथ होना जरूरी है। बिना निमंत्रण के आए लोगों को कार्यक्रम स्थल से बाहर ही रहना होगा। इसके साथ ही किसी भी मेहमान के सुरक्षाकर्मियों को कार्यक्रम में प्रवेश नहीं मिलेगा। वहां पहले से ही पीएम मोदी की सिक्योरिटी तैनात रहेगी। किसी मेहमान के साथ बच्चे का भी प्रवेश नहीं हो सकेगा। पीएम मोदी के मंदिर परिसर से चले जाने के बाद मंदिर परिसर में विराजित लोग रामलला के दर्शन कर सकेंगे। सुरक्षा कारणों की वजह कार्यक्रम स्थल तक आने के लिए श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से जारी व्यक्तिगत परिचय पत्र जरूरी होगा। इसके लिए एक लिंक भेजा जाएगा, जिसमें सारी जानकारी भरकर देनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### सीएम भजनलाल ने गिरिराज के दर्शन किए



**मथुरा।** राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने गोवर्धन में गिरिराज जी महाराज के दर्शन किए और विधि विधान के साथ उनकी पूजा अर्चना की। सीएम ने इस दौरान राजस्थान के विकास और उन्नति की कामना की।

### पति ने 18 बार चाकू से वार कर पत्नी की हत्या



**लखनऊ।** लखनऊ के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में पति ने पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। दोनों के बीच घरेलू विवाद में आए दिन झगड़ा होता था। शराबी और जुआरी पति पत्नी के चरित्र पर शक भी जताता था। पत्नी से लड़ाई भी होती थी।

### सब-इंस्पेक्टर को कार से कुचल डाला



**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में दारोगा की शराब तस्करों ने हत्या कर दी। शराब तस्करों ने भागने के दौरान कार से दारोगा खामस चौधरी और होमगार्ड जवान को टक्कर मार दी और फरार हो गए।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम योगी की उपस्थिति में बस्ती जिले में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ

# मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी व आजीवन भरण पोषण की करेंगे व्यवस्था

एजेंसी ▸▸ बस्ती

यूपी सरकार मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देगी और आजीवन भरण पोषण की व्यवस्था करेगी। खेल कोटे से 500 शासकीय पद भरे जाएंगे। सीएम योगी ने सांसद खेल महाकुंभ में यह घोषणा की। बस्ती जिले में सांसद खेल महाकुंभ के जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ 20 दिसंबर को शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी थे।

यूपी सरकार मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देगी और आजीवन भरण पोषण की व्यवस्था करेगी। खेल कोटे से 500 शासकीय पद भरे जाएंगे। सीएम योगी ने सांसद खेल महाकुंभ में यह घोषणा की।

**खास बातें**

- यूपी के हर गांव में स्टेडियम होगा
- सभी वर्ग को योजनाओं में बनाया भागीदार
- प्रत्येक जिले में खेल केंद्र बनाने का काम चल रहा



**पांच सौ खिलाड़ियों को नौकरी दी**

सीएम ने कहा कि 500 खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, नायब तहसीलदार जैसे पदों पर नौकरी दी गई है। खेल कोटे से 500 पद के लिए जल्द आवेदन मांगे जाएंगे। जो खिलाड़ी मेडल प्राप्त करेगा उसे सरकारी नौकरी और आजीवन भरण पोषण की व्यवस्था की जाएगी।

### खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाएंगे

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'पीएम के साथ खेलकूद महाकुंभ' प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे हैं। पीएम मोदी देश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीएम मोदी खिलाड़ियों से मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने इस तरह के आयोजन को प्रोत्साहित किया है। प्रदेश ने संकल्प लिया है कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाएंगे। यूपी के हर गांव में स्टेडियम होगा। सीएम ने कहा कि प्रत्येक जिले में एक खेल सेंटर बनाने का काम चल रहा है।

### नए भारत का दर्शन कर रहे

सीएम योगी ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जहां चेहरा देखकर नहीं बल्कि सभी वर्ग को शासन की योजनाओं का भागीदार बनाया जा रहा है। देश के अंदर सामर्थ्य प्रदान किया जा रहा है।

### इंसेफेलाइटिस समाप्त हो रहा

यूपी से इंसेफेलाइटिस रोग समाप्त हो रहा है। 40 वर्ष में पूर्वी यूपी के 50 हजार बच्चों को निगल लिया था। उसे पीएम मोदी के संकल्पों के अनुरूप समाप्त कर दिया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रभारी मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के गिरीश चंद्र यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय आदि मौजूद रहे।

### खेल बजट बढ़कर 3397 करोड़ हुआः नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत को इंडिया के दायरे से निकालकर भारत के दायरे में लाकर पहुंचा दिया है। जब इंडिया की बात होती थी तो खिलाड़ी मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों से आते थे। अब खिलाड़ी सिर्फ बड़े शहरों से नहीं आते अब गांव, किसानों के परिवार से निकलकर खिलाड़ी आते हैं। 2014 में 1219 करोड़ था, अब 3397 करोड़ रुपए का बजट है। अब लक्ष्य रखकर गोल्ड, सिल्वर और जीतने का काम किया और इसमें कामयाबी मिली। अब इनकी विदेश में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। विश्व स्तर के खेलों के उपकरण खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ओलंपिक की तैयारी करने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को 50 हजार रुपए महीने सरकार दे रही है। हर पंचायत स्तर पर ओपेन जिम होगा।

कांग्रेस ने शुरू की 'यूपी जोड़ो यात्रा'

# जनहितों की रक्षा के लिए कांग्रेस मैदान मेंः राय

सहारनपुर के शाकुंभरी देवी मंदिर से हुई शुरुआत



एजेंसी ▸▸ सहारनपुर

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में कांग्रेस पार्टी ने यूपी में अपनी सियासत को धार देना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर सहारनपुर से 'यूपी जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शाकुंभरी देवी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद यात्रा की शुरुआत की। यात्रा मंदिर से शुरू होकर कुरेसन चौक पर पहुंची। स्थानीय नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। अजय राय ने कहा कि जनता के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस मैदान में उतर आई है। उन्होंने मांग की है कि गन्ना किसानों को कम से कम 500 रुपए प्रति क्विंटल दाम मिलना चाहिए।

### 18 दिनों तक चलेगी यूपी जोड़ो यात्रा

क़रीब 18 तक चलने वाली इस यात्रा में 161 जगहों पर नुक्कड़ सभाएं होंगी, इस दौरान लोगों के मुद्दों के जानने की कोशिश की जाएगी और कांग्रेस की रणनीति के बारे में लोगों के समझाया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकर्ता लोगों से मिलेंगे और पार्टी की बात को उनके सामने रखेंगे और भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में लोगों को जोड़ने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस ने यात्रा से लोगों को जोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर 18002124288 जारी कर दिया है। नंबर पर मिस कॉल देकर यात्रा से जुड़ा जा सकता है।

लालू और तेजस्वी को ईडी का समन

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया, 27 को हों पेश

एजेंसी ▸▸ पटना

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पिता आरजेडी प्रमुख व पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव को समन भेजा है। उन्हें रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर और लालू को 27 दिसंबर को एजेंसी के सामने पेश होने को कहा गया है। इस दौरान दोनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।



### जमीन के बदले नौकरी

आरोप है कि रेलवे मंत्री रहते हुए लालू यादव इस घोटाले में शामिल थे। यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था, जहां कई लोगों को रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप-डी के पदों पर नौकरियां दी गई थीं। बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी को दी थीं।

विधानसभा का लगातार दूसरा दिन हंगामे की भेंट

# भाजपा विधायकों के निलंबन के विरोध में खूब हुई नारेबाजी



एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड विधानसभा में के शीतकालीन सत्र में भी संसद की तरह ही हंगामा जारी है। विधानसभा में लगातार दूसरे दिन कार्यवाही के दौरान कुछ ऐसी ही तस्वीर दिखाई दी। यहां भारतीय जनता पार्टी के तीन विधायकों के निलंबन के खिलाफ जमकर हंगामा काटा गया।

बुधवार को सुबह जैसे ही विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई भाजपा विधायक रणधीर सिंह तीन विधायकों के निलंबन के विरोध में वेल में आ गए। उनके साथ ही अन्य भाजपा विधायकों ने भी वेल में आते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया।

### भाजपा विधायकों ने बांधी काली पट्टियां

विरोध कर रहे भाजपा विधायकों ने अपने निलंबित साथियों पर हुई कार्रवाई को रद्द करने की मांग की। साथ ही अपने चेहरे पर काली पट्टी भी बांध कर नारेबाजी और तख्तियां लहराते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने उनसे शांति बनाए रखने का आह्वान भी किया, लेकिन वे नहीं माने। इस पर सदन की कार्यवाही को दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

गौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष ने मंगलवार को भाजपा के तीन विधायकों को वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया था। इन विधायकों में भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंचि नारायण, सचेतक जेपी पटेल और विधायक भानु प्रताप शाही शामिल थे। तीनों पर सदन की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करने के लिए उन्हें सदन से बाहर निकाल दिया गया था।

### निलंबन एक तरह की तानाशाहीः बाउरी

*भाजपा विधायकों के निलंबन के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने स्पीकर की कार्रवाई को तानाशाही रैवय्या करार दिया। बाउरी ने कहा, हम राज्य के युवाओं से संबंधित मुद्दा उठा रहे थे। लेकिन, सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। बता दें विधायकों के विरोध के कारण विधानसभा में प्रश्नकाल नहीं चल सका। वहीं सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी अपनी मांगों को लेकर विधानसभा में हंगामा किया। बाउरी ने कहा कि पंचायत सचिवालय के 18 हजार से अधिक कर्मी और दिव्यांग युवा रोजगार के लिए सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा, रोजगार एक संवेदनशील मुद्दा है और सीएम को इस पर सदन में अपना बयान देना चाहिए।*

# जयाप्रदा को गिरफ्तार कर पेश करें, गैर जमानती वारंट जारी

आचार संहिता के उल्लंघन मामले में रामपुर कोर्ट का आदेश

एजेंसी ▸▸ रामपुर

आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा को कोर्ट ने राहत नहीं दी है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी को विशेष निरीक्षक की तैनाती कर कोर्ट में पेश करने को कहा है। इसके साथ ही उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई दस जनवरी को होगी।स्वार और केमरी थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 2019 में दो केस दर्ज किए गए थे। दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। स्वार में दर्ज एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और पूर्व सांसद को अपने बयान दर्ज कराने हैं।

### बयान दर्ज कराने नहीं पहुंची



वह बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट नहीं पहुंची। केमरी थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के अन्य मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है। इसमें भी पूर्व सांसद कोर्ट नहीं पहुंच रही। कोर्ट लगातार दोनों मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता असगर ने पूर्व सांसद की ओर से गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए फिर से प्रार्थना पत्र दिया था। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी के मुताबिक कोर्ट ने प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक की तैनाती करने के आदेश एसपी को दिए हैं। इसके साथ ही उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए हैं।

# एक्सप्रेसवे पर बनाए जाएंगे 26 चार्जिंग स्टेशन, यात्री सुविधाएं भी होगीं

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

यूपी की योगी सरकार अब प्रदेश के चार बड़े एक्सप्रेस-वे पर पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाने जा रही है। यूपीडा की तरफ से इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसके अंतर्गत बुंदेलखंड, पूर्वांचल, आगरा-लखनऊ और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर कुल 26 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन्हे प्रदेश की ईवी पॉलिसी और भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय की गाइडलाइन्स के अनुरूप तैयार किया जाएगा। वहीं इसके अलावा एक्सप्रेसवे के किनारे सरकार अन्य यात्री सुविधाओं को भी डेवलप करेगी। चार्जिंग स्टेशन नहीं होने के कारण अभी तक काफी लोग सिर्फ अपने शहर में ई वाहन यूज करते हैं। इलेक्ट्रिक कार लेकर दूसरे शहर में नहीं जाते हैं। दिल्ली वाले भी यूपी में ई वाहन लेकर नहीं आते हैं। चार्जिंग स्टेशन बनने से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी।

### दो पहिया से लेकर बसों की हो सकेगी चार्जिंग

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इससे संबंधित एक विस्तृत कार्ययोजना को प्रस्तुत किया गया है। वहीं इससे पहले प्री-बिड मीटिंग में 11 कंपनियों की ओर से पब्लिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जाने के लिए रुचि दिखाई गई है। इसमें रिलायंस, जीएमआर एनर्जी, अडानी टोटल एनर्जी, बेलेक्ट्रिक, लाइट जिप टेक्नोलॉजी, ईवी प्लेक्सस, सिमेन्स लिमिटेड, कैश और ड्राइव, एएम एंड सीई ई मोबिलिटी, एम्पवोल्ट्स और रैज एंड शाइन कंपनियों की तरफ से पब्लिक चार्जिंग स्टेशन के निर्माण में रुचि दिखाई गयी है।

### लीज पर दी जाएगी जमीन

योगी सरकार की ओर से 26 चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रति स्टेशन 2 हजार वर्गफुट की जगह 10 साल के लीज पर दी जाएगी। चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटर को दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया और ई बस की चार्जिंग के लिए फास्ट चार्जर स्थापित करना होगा। साथ ही सुरक्षा के लिए भी सरकार के मापदंडों का पालन करना होगा।

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा बनारस-नई दिल्ली-बनारस के बीच चलने वाली रेलगाड़ी संख्या 22415/22416 वंदे भारत एक्सप्रेस को दिनांक 21.12.2023 से वाराणसी-नई दिल्ली-वाराणसी के बीच चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

22415/22416 वाराणसी - नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

| रेलगाड़ी सं.: 22415 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 22416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:00 | वाराणसी | 23:05 | ---- |
| 07:30 | 07:34 | प्रयागराज जं. | 21:11 | 21:15 |
| 09:26 | 09:30 | कानपुर सेन्ट्रल | 19:08 | 19:12 |
| 14:05 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 15:00 |

**चलने के दिनः** रेलगाड़ी सं. 22415 वाराणसी से एवं रेलगाड़ी सं. 22416 नई दिल्ली से दिनांक 21.12.2023 से (मंगलवार छोड़कर कर सप्ताह में छः दिन)।

**स्थानः** एग्ज़िक्यूटिव कुर्सीयान एवं कुर्सीयान।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3981/23


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# मौजूदा जरूरतों के हिसाब से न्याय संहिता आवश्यक

भारत अपने 150 साल पुराने कानूनी इतिहास को बदलने जा रहा है। अंग्रेजों के जमाने के जंग लगे भारतीय दंड संहिता, भारतीय अपराध दंड संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह मौजूदा केंद्र सरकार तीन नए कानून लेकर आ रही है। इस प्रक्रिया में तीन नए विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को संशोधन के साथ लोकसभा ने पारित कर दिया। ये तीनों विधेयक केंद्र सरकार ने मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किए थे, उस वक्त सदन ने इसे संसदीय समिति को समीक्षा के लिए भेज दिया था। अब तीनों विधेयक कानून बनने की प्रक्रिया से दो कदम दूर हैं। अभी यह राज्यसभा में पास होना है और उसके बाद राष्ट्रपति की मुहर लगनी है। इन तीनों नए विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद भारतीय कानून सहिंता पूरी तरह बदल जाएगी। इनमें भारतीयता, संविधान और भारत की जनता की चिंता है। ये कानून स्वदेशी होंगे। इनसे औपनिवेशिक कानून से देश को मुक्ति मिलेगी। इनमें दंड विधान की जगह न्याय देने की चेष्टा है। पिछले एक सौ पचास वर्ष में अपराध का पूरा तंत्र बदल चुका है, नई नई तकनीक आ गई है, ऐसे में इन परिवर्तनों के अनुरूप न्याय संहिता जरूरी है। तीनों नए विधेयक में नई जरूरतों को एड्रेस किया गया है। मॉब लिंचिंग जैसे अक्षम्य अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। पचास वर्ष से अधिक समय तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस को भारतीय दंड सहिंता में समय के अनुरूप बदलाव करना चाहिए था। नए विधेयकों के कानून बन जाने के बाद छोटी सजा वाले मामले में तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी, 3 से 7 साल की सजा के मामले में 14 दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (सीआरपीसी) में पहले 484 धाराएं थीं, अब 531 होंगी, 177 धाराओं में बदलाव हुआ है। 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं, 39 नए सब सेक्शन जोड़े गए हैं, 44 नए प्रोविजन और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं, 35 सेक्शन में टाइम लाइन जोड़ी हैं और 14 धाराओं को हटा दिया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के बारे में अब हर पुलिस स्टेशन में विवरण दर्ज किया जाएगा और एक नामित पुलिस अधिकारी इन रिकॉर्डों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा। रिकार्ड डिजिटल रखा जाएगा। तस्करी कानूनों को जेंडर-न्यूट्रल बना दिया है। राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। सरकार की आलोचना अब अपराध नहीं होगा, पर देश के खिलाफ बोलना या कृत्य करना गंभीर अपराध होगा। नए कानून में आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। पहले के कानूनों में आतंकवाद की व्याख्या नहीं थी। यौन हिंसा के मामलों में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही करेगी व पीड़िता का बयान उसके आवास पर महिला पुलिस अधिकारी के सामने ही दर्ज होगा। झूठे वादे या पहचान छुपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आएगा। गैंगरेप के मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास की सजा होगी। सात साल या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक जांच अनिवार्य होगा। घोषित अपराधियों की भारत से बाहर की सम्पत्ति को जब्त करने का नया प्रावधान होगा, भागे गए अपराधियों के खिलाफ भी सुनवाई हो सकेगी व सजा दी जा सकेगी। अब डिजिटल एविडेंस को भी कानूनी साक्ष्य का दर्जा मिलेगा। ये तीनों विधेयक कानूनी सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) पद, रिसर्च एनलासिस विंग (रॉ) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक पद को भी कानून के दायरे में लाने की मांग की गई है, देखने वाली बात होगी कि राज्यसभा में इस पर कितना विचार होता है।

## सारा संसार



कर्णप्रयाग उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत गढ़वाल मण्डल के चमोली जिले का एक कस्बा है। यह अलकनंदा तथा पिण्डर नदियों के संगम पर स्थित है। पिण्डर का एक नाम कर्ण गंगा भी है, जिसके कारण ही इस तीर्थ संगम का नाम कर्ण प्रयाग पड़ा। यहां पर उमा मंदिर और कर्ण मंदिर दर्शनीय है।

## परामर्श



रानी प्रियंका वल्लरी

# ओवरईटिंग से बचिए

कुछ लोग खाते जाते हैं, खाते जाते हैं। बस उन्हें खाना है। उन्हें अपने स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं हैं, जबकि ओवरईटिंग कई बीमारियों को आमंत्रित करती है। मोटापा डायबिटिज, पेट दर्द, कब्ज जैसी समस्या बनी रहती है। ज्यादा खाना खाने से पेट में भोजन की मात्रा बढ़ जाती है। फिर भोजन को पचाने के लिए पाचन तंत्र को मेहनत करनी पड़ती है। पाचन तंत्र अपने काम में धीमा पड़ जाता है। हम येन केन प्रकारेण कई बीमारियों से घिर जाते हैं। हर समय सामान्य समस्याएं बनी रहती है। इमोशनल ईटिंग में खाने के बाद संतुष्टि नहीं मिलती हैं, बल्कि बाद में पश्चाताप महसूस होता है। इतना क्यों खाया। अगर आपको भी आदत है इमोशनल ईटिंग की तो आप परहेज़ करें और अपने सेहत का पूरा ख्याल रखें। क्योंकि सर्दी में अक्सर लोग मिर्च मसालेदार खाना और ज्यादा मात्रा में खाना ज्यादा पसंद करते हैं।



आमतौर पर लोग तीन बार खाते हैं। जीवन जीने का नया तरीका खाना खाने के इस पैटर्न पर काम करता है। हमें कहा जाता है सुबह का नाश्ता दिन का अहम खाना होता है, जबकि दफ्तरों में खाने के लिए काम से ब्रेक दिया जाता है। इसके अतिरिक्त रात का खाना हमारी पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारी के इर्द गिर्द घूमता है। यहां पर विचार करने वाली बात यह है कि तो क्या यह हमारे खाने का सही तरीका है, जबकि सब की जीवनशैली की अलग अलग धारा हैं। सब के अपने अपने तौर तरीके हैं। कुछ लोग इतने व्यस्त हैं जिन्हें खाने की फ़ुर्सत नहीं। वह ज्यादातर गलती कर बैठते हैं। तेज़ भूख लगने पर कुछ भी खाकर पेट भरना उचित समझते हैं। जो उत्तम स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं।

अगर आप ओवरईटिंग से बचना चाहते हैं तो वॉकिंग, आउटिंग, म्यूजिक, ट्रैवलिंग, रीडिंग और टॉकिंग कीजिए। ओवरईटिंग से बचिए। फिर भी आप खाने के लिए लालायित है तो आप कुछ हेल्दी फूड खाइए। कुछ लोग तनाव में भी ओवरईटिंग करते हैं। तो तनाव में ओवरईटिंग से बचने के लिए मेडिटेशन किया जा सकता है। सामान्यतः इमोशनल ईटिंग के पीछे व्यक्तिगत कारण होते हैं। जब यह लक्षण लगातार दिखाई दें तो किसी तरह की बीमारी के संकेत है, जिसमें मेडिकल ट्रीट्मेंट लेने की आवश्यकता है। खाने का एक निश्चित समय बनाइए। अपने खाने में पत्तेदार सब्जियां,फल, छांछ, दही का इस्तेमाल ज़्यादा कीजिए। ब्रेकफास्ट में फल,सलाद लिक्विड पेय,पोहा,दलिया,खिचड़ी का सेवन कीजिए, रोटी लेने से ज़रूर बचिए।



शिक्षा व नवाचार
डॉ. राज नेहरू

# भारत को विकसित बनाने में विवि अहम

विकसित भारत की परिकल्पना युवाओं के मस्तिष्क में नवाचार और अन्वेषण के समावेश में ब्रह्मास्त्र सिद्ध होगी। इस यात्रा में शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में अनोखा है, इसलिए ऐसे वातावरण का सृजन महत्वपूर्ण है, जो विचार निर्माण के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण का समर्थन करता है। विद्यार्थी अपने जुनून को सही ढंग से पहचान कर उसे क्रियान्वित कर सकें, इसके लिए सार्थक और सकारात्मक वातावरण बनाना सभी उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व है। शिक्षण संस्थानों के नीति नियंताओं को ध्यान में रखना होगा कि विकसित भारत के संवाहक तैयार करना उनका परम ध्येय है।

विकसित भारत की परिकल्पना युवाओं के मस्तिष्क में नवाचार और अन्वेषण के समावेश में ब्रह्मास्त्र सिद्ध होगी। यही अद्भुत और महत्वाकांक्षी संकल्प आगामी 25 वर्षों में भारत के परिवर्तन के वाहक होंगे। विकसित भारत की इस यात्रा में शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, विशेषकर विश्वविद्यालयों के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व है। युवाओं में परिवर्तनकारी एवं रचनात्मक विचारों के सृजन हेतु विश्वविद्यालयों को विशेष रणनीति तैयार करनी होगी। विश्वविद्यालयों द्वारा तैयार की गई बौद्धिक भूमि पर ही नवोन्मेषी विचारों का अंकुरण होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को शिक्षा के विभिन्न आयामों को आत्मसात करने की स्वतंत्रता नितांत आवश्यक है। इसे सीधे तौर पर शिक्षा का लोकतांत्रीकरण कहा जा सकता है और इसी के माध्यम से विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम संभव है। शिक्षाविदों की उस मानसिकता को भी बदलने की आवश्यकता है कि वह शिक्षा को जिस तरीके से डिजाइन करेंगे, विद्यार्थी उसी रूप में उसे ग्रहण करेंगे। शिक्षा के प्रारूप और अवधारणा को विद्यार्थियों पर थोपने की अपेक्षा उन्हें अपनी प्राथमिकता और विकल्पों के अनुसार पाठ्यक्रमों में परिवर्तन करने और उसे एक प्रोग्राम के रूप में डिजाइन करने का विकल्प दिया जाना चाहिए। विद्यार्थी अपनी अभिरुचि और करियर में उपयोगिता के अनुसार प्रोग्राम का चयन कर सकें, इसकी व्यवस्था करना सबसे जरूरी है।

पारंपरिक रूप से चले आ रहे पाठ्यक्रम का दौर अब अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। अब उद्योग, कारपोरेट और बाजार मांग पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षाविदों को उद्योग, कारपोरेट, बाजार, शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श कर पाठ्यक्रमों का डिजाइन विकसित करना होगा। सभी हितधारकों की राय को समाहित करके बनाया गया पाठ्यक्रम सर्वाधिक व्यावहारिक और प्रासंगिक होगा। शिक्षण संस्थानों में रचनात्मक और समावेशी वातावरण को प्रोत्साहित करना बहुत आवश्यक है। विद्यार्थियों को ऐसा रचनात्मक वातावरण दिया जाना चाहिए कि वह कल्पनाशील बनें। खुले दिमाग से सोचें और तल्लीन होकर उसके क्रियान्वयन में अपनी ऊर्जा का समावेश करें। विद्यार्थियों को लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करना होगा। इसी से उनके विविध दृष्टिकोण विकसित होंगे और इनका समर्थन करना होगा। वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का अध्ययन करते हुए विद्यार्थियों को उनसे अवगत करवाना जरूरी है। इंटर्नशिप, अनुसंधान परियोजनाओं और उद्योगों की भागीदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से जोड़ा जाए। इन चुनौतियों से रूबरू करवाने के बाद विद्यार्थियों को समाधानमूलक वैचारिक सृजन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। विद्यार्थी खुद उनमें प्रयत्नशील होकर आगे बढ़ें। विद्यार्थियों के समक्ष इंटरडिसिप्लिनरी प्रोग्राम प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को एक मंच पर आकर एक साथ वैचारिक मंथन के अवसर मिलेंगे। वैचारिक वैविध्य से नवाचारी



सोच प्रोत्साहित होगी। इसके सुखद परिणाम आएंगे। नवाचार पर आधारित प्रतियोगिताओं और चुनौतियों का आयोजन कर विद्यार्थियों की व्यवहारिक सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए।

इन मंचों पर विद्यार्थी अपने नूतन विचार प्रदर्शित करने में सक्षम होंगे और साथ ही उन्हें अनुभव पर आधारित प्रतिक्रिया भी प्राप्त होगी। इन स्पर्धाओं से नए और अनोखे विचारों के सृजन का वातावरण बनेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमशीलता को प्रोन्नत करना होगा। उद्यमिता में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए संसाधन और सहायता प्रदान करनी आवश्यक है। उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने और नए आइडिया को प्रोत्साहित करने के लिए मेंटरशिप, फंडिंग के अवसर और इनक्यूबेटर तक विद्यार्थियों की पहुंच सरल बनानी होगी। शिक्षण संस्थान उद्यमिता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उद्यम के विकास में बहुत सी समस्याओं का समाधान छिपा हुआ है। रोजगार के नए अवसरों के सृजन का मार्ग भी उद्यमिता से प्रशस्त हो सकता है। मस्तिष्क में विचार-मंथन की तकनीकों और डिजाइन थिंकिंग को लागू करना होगा। इन दोनों आयामों को पाठ्यक्रम में समाहित करना होगा। इससे विद्यार्थियों के मस्तिष्क में नए लाने, उन्हें क्रियान्वित करने और नवाचार के माध्यम से समाधान विकसित करने में सहायता मिलेगी। शिक्षण संस्थानों में विशिष्ट विषयों पर वैचारिक मंथन सर्वथा सार्थक होता है। उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचारी वैचारिकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के व्याख्यान बहुत आवश्यक हैं। नए प्रासंगिक विषयों पर कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के आयोजन होने चाहिए। छात्रों के साथ अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए विभिन्न उद्योगों से अतिथि वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए। सफल उद्यमियों के व्याख्यान भी करवाए जाएं। यह व्याख्यान रचनात्मकता के लिए प्रेरित करने, समस्या-समाधान तकनीकों और विचार निर्माण पर आधारित होने चाहिएं। शिक्षण संस्थानों और विशेषकर विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के लिए सशक्त मंच तैयार करने होंगे, जहां विद्यार्थी अपने आइडिया साझा कर सकें और उन पर खुल कर विमर्श कर सकें। यह मंच विद्यार्थियों के नेतृत्व में संचालित क्लब या ऑनलाइन कम्युनिटी के रूप में प्रभावी हो सकते हैं। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके लिए नेटवर्किंग के अवसरों को और अधिक सुविधाजनक बनाना होगा। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए 'थिंक ग्लोबल एंड एक्ट लोकल के दृष्टिकोण को अपनाना होगा। विश्वविद्यालयों में ऐसे नेटवर्क प्लेटफ़ॉर्म विकसित करने की आवश्यकता है, जहां विद्यार्थी अन्य संस्थानों, विभिन्न राज्यों व विश्व के दूसरे देशों के विश्वविद्यालयों में भी क्लास ले सकें उनके साथ जुड़ सकें। मिलेनियल्स और ज़िलेनियल्स की रचनात्मक सीख की ललक अलग-अलग होती है। उभरती हुई प्रौद्योगिकी को समझने की उनकी क्षमता बहुत अधिक है। रिवर्स मेंटरिंग उन्हें उत्साहित कर सकती है और शिक्षाविदों को अपने छात्रों के माध्यम से नई चीजें सीखने में मदद करेगी। इससे अकादमिक जगत के ज्ञान में नूतन समावेश होगा। यह प्रयोग विद्यार्थियों और अकादमिक विभूतियों, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

यह अविस्मरणीय है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में अनोखा है, इसलिए ऐसे वातावरण का सृजन महत्वपूर्ण है, जो विचार निर्माण के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण का समर्थन करता है। विद्यार्थी अपने जुनून को सही ढंग से पहचान कर उसे क्रियान्वित कर सकें, इसके लिए सार्थक और सकारात्मक वातावरण बनाना सभी उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व है। शिक्षण संस्थानों के नीति नियंताओं को ध्यान में रखना होगा कि विकसित भारत के संवाहक तैयार करना उनका परम ध्येय है।

(लेखक श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के वीसी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है? *-स्वामी विवेकानंद*

# जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इंद्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सादगी के साथ मनाएं नए साल के समारोह

हम जल्द ही नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं। इस अवसर पर जगह–जगह खासकर पर्यटकों के लिए कई तरह के समारोह होते हैं। कुछ शरारती तत्त्व शराब पीकर और अन्य नशे करके खूब हुड़दंग मचाते हैं और खुशियों के रंग में भंग डालते हैं। मेरा पर्यटकों व अन्य लोगों से आग्रह है कि वे शांतिप्रिय जगहों की शांति में खलल न डालें और सादगी के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन मनाएं। पुलिस को चाहिए कि वह ऐसे तत्त्वों को समझाने–बुझाने के प्रयास करे ताकि हुल्लड़बाजी से बचा जा सके। अगर फिर भी कुछ लोग नहीं मानते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से भी गुरेज नहीं किया जाना चाहिए। प्रदेश की शांति किसी भी कीमत पर भंग नहीं होनी चाहिए। *–सुमन पंडित, कांकेर*

## करंट अफेयर

# इंग्लैंड में डॉक्टरों की वेतन वृद्धि को लेकर विवाद जारी

इंग्लैंड में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने बुधवार को 72 घंटे की हड़ताल शुरू की। डॉक्टरों का वेतन के स्तर को लेकर ब्रिटिश सरकार के साथ लंबे समय से विवाद जारी है। ब्रिटेन की सरकारी स्वामित्व वाली राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में मरीजों से कहा गया है कि अस्तपालों में कामकाज कुछ प्रभावित होगा क्योंकि हजारों नियुक्तियां और प्रक्रियाएं स्थगित या रद्द कर दी जाएंगी। हड़ताल सुबह सात बजे शुरू हुई और यह शनिवार की सुबह तक चलेगी। डॉक्टर 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सरकार हालांकि जूनियर डॉक्टरों को औसतन 8.8 प्रतिशत की वेतन वृद्धि की पेशकश कर रही है और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संकेत दिया है कि इससे अधिक की पेशकश नहीं की जायेगी। एनएचएस सदस्यों ने इस बात को लेकर 'निराशा' व्यक्त की कि डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन और सरकार के बीच बातचीत विफल हो गई है।



## ऑफ बीट

# बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव

बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी : बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं।



## ट्रेंड

### गरिमा के भीतर हो अभिव्यक्ति



जिस तरह से हमारे सम्मानित उपराष्ट्रपति को संसद परिसर में अपमानित किया गया, उसे देखकर मुझे निराशा हुई। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### पीएम ने दुःख जताया



प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। उन्होंने संसद परिसर में की गई अपमानजनक नाटकीयता पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह पिछले बीस वर्षों से ऐसे अपमान सहते आ रहे हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति पद के साथ ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### दवा की कीमतें कम करेंगे



हम न केवल कीमतों में वृद्धि को धीमा करने के लिए बल्कि दवा की कीमतें कम करने के लिए भी काम कर रहे हैं। मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम कीमतें कम करने के लिए बातचीत की शक्ति देता है।
-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### प्रकृति हर पल सहयोगी



जीवन संसिद्धि निमित्त प्रकृति हर पल सहयोगी है। धरती अंबर अग्नि जलवायु और सभी नक्षत्र समष्टि हित में संलग्न हैं। अतः हम मनुष्य भी एक साथ चलें, एक साथ रहें, एक साथ किये गये प्रयास अधिक लाभान्वित करते हैं। अधिक लाभान्वित होने के लिए, हमारे प्रयास सामूहिक हों।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

लोकसभा में बोले गृह मंत्री शाह

# राहुल का मन इटली का है तो ये नए कानून उन्हें कभी भी समझ नहीं आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में देश के नए कानूनों में बदलाव लाने वाले भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में चर्चा की है। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि पुराने कानून तत्कालीन कानून विदेशी शासकों द्वारा अपना वर्चस्व बनाए रखने में मदद के लिए बनाए गए थे। इन कानूनों में बदलाव पर बोलते हुए गृह मंत्री शाह ने इटली तक का जिक्र कर दिया है। शाह ने लोकसभा में कहा कि पहली बार हमारे संविधान की स्पिरिट के हिसाब से कानून अब पीएम मोदी के नेतृत्व में बनने जा रहे हैं। 150 साल के बाद इन तीनों कानूनों को बदलने का मुझे गर्व है। कुछ लोग कहते थे कि हम इन्हें समझते, मैं उन्हें कहता हूं कि मन अगर भारतीय रखोगे तो समझ में आ जाएगा। लेकिन अगर मन ही इटली का है, तो कभी समझ नहीं आएगा।



दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों से जुड़ा बिल पास

## 2026 तक अनधिकृत इमारतों को 'सुरक्षा कवच' मिला

संसद ने एक विधेयक पारित कर दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून (विशेष प्रावधान) दूसरा (संशोधन) अधिनियम, 2023 लोकसभा में संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हो गया, निचले सदन में तीन सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। राज्यसभा में आठ सदस्यों ने विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लिया और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने कहा

## 2019 से केंद्र सरकार विधेयक पर कर रही चर्चा

आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मई 2014 में पीएम मोदी द्वारा देश में शासन की जिम्मेदारी संभालने से पहले दिल्ली में समस्याएं थीं और समस्याएं उपेक्षा के कारण थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम की तरफ से काम पूरा करने के लिए दो और साल मांगे जाने के बाद 2019 से केंद्र इस विधेयक पर चर्चा कर रहा है।

**20 साल पहले भी दिखाई दे रही थी यह समस्या**



यह समस्या 20 साल पहले दिखाई दे रही थी। कांग्रेस सरकार ने 2006 में हाईकोर्ट और शीर्षकोर्ट के कारण इन्हें एक साल के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानून लाया।

**पिछली सरकारों ने इसका समाधान नहीं किया**

पुरी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों और देश के अन्य हिस्सों से लोग दिल्ली आ रहे हैं लेकिन पिछली सरकारों ने इस समस्या का समाधान नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का भूमि क्षेत्र नहीं बदला है।

**इन कॉलोनियों में करीब 40 लाख लोग रह रहे**

पुरी ने कहा कि यह कानून 2019 में अस्तित्व में आया। 2020 और 2021 के लिए महामारी में, लगभग कोई जमीनी स्तर का काम नहीं किया जा सका। अभी इन कॉलोनियों में करीब 40 लाख लोग रहते हैं।

**खबर संक्षेप**

### दक्षिण कोरियाई व्लॉगर के साथ दुर्व्यवहार, गिरफ्तार



**पुणे।** पुणे के पिंपरी चिंचवड़ में एक कोरियाई व्लॉगर के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना नवंबर महीने, दिवाली के समय की है, जब दक्षिण कोरिया की व्लॉगर केली को एक वीडियो बनाने के दौरान दुर्व्यवहार किया गया। आरोपी की हरकत वीडियो में रिकॉर्ड की गई थी, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल किया गया।

### अब तक 23.58 करोड़ सॉइल हेल्थ कॉर्ड बांटे



**नई दिल्ली।** सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट और सॉइल हेल्थ कार्ड योजनाओं को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सॉइल हेल्थ और फर्टिलिटी फेक्टर के रूप में मिला दिया गया है। भारत सरकार ने सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट और सॉइल हेल्थ कार्ड योजनाएं लागू की हुई है। अब तक किसानों को 23.58 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे जा चुके हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री अर्जुन मुंडा ने यह जानकारी दी है।

### एक ही परिवार के 6 लोगों को कुचला



**अमरावती ।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के नाचोना गांव में एक पुराने विवाद को लेकर एक ही परिवार के छह लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी गई. इन छह लोगों में से तीन की मौत हो गई वहीं तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। अन्य घायलों को अमरावती के इरविन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। गांव के ही चंदन नाम के व्यक्ति ने घटना को अंजाम दिया है।

### मेट्रो में गई महिला की जान, 15 लाख मुआवजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर बीते शनिवार को मेट्रो ट्रेन के गेट में साड़ी फंसने से हुई महिला की मौत पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने महिला के परिवार को 15 लाख रुपए का मुआवजा देने की बात कही है। इस घटना से सभी का दिल दहल गया था। हादसे के समय महिला का के साथ उसका 10 साल का बेटा मौजूद था। अब 15 लाख का जुर्माना देने को कहा गया है।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी का हेलिकॉप्टर फंसा



**रुद्रपुर ।** 18 दिसंबर को युवा सिख सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए थे, इस दौरान सीएम धामी के हेलिकॉप्टर का टायर पुलिस लाइन में बने अस्थाई हेलीपैड पर फंस गया था। अब इसका वीडियो सामने आया है। पुलिस कर्मी हेलिकॉप्टर को धक्का लगाते हुए दिखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जमीन में नमी के चलते ऐसा हुआ है।

मिमिक्री पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किया पलटवार- मुझे ही नहीं किसान और जाट समुदाय को भी अपमानित किया

# मैं हवन में अपनी आहुति दे दूंगा, मुझे कोई चिंता नहीं
# जाट समुदाय का ऐलान-हम अपनी ताकत दिखा देंगे

उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाने का मामला गरमाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी द्वारा खुद का मजाक उड़ाने पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बेनर्जी ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति की नकल कर रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी टीएमसी सांसद का हंसते हुए वीडियो बना रहे थे। अब उपराष्ट्रपति ने भी इसे लेकर राहुल की कड़ी आलोचना की है।धनखड़ यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए आगे कहा, आप मेरा कितना भी अपमान कर लें, मुझे कोई चिंता नहीं है। मैं भारत के उपराष्ट्रपति के लिए, किसान समुदाय के लिए, अपने वर्ग के लिए हवन में सब कुछ बलिदान कर दूंगा। मुझे अपनी परवाह नहीं है। यदि कोई मेरा अपमान करता है तो मैं उसे सहन कर लेता हूं। मैं खून का घूंट पीता हूं। मैं यह कभी बर्दाश्त नहीं करूंगा कि मैं अपने पद की गरिमा की रक्षा नहीं कर सका। सदन की गरिमा और इस पद की गरिमा की रक्षा करना मेरा काम है।

**कांग्रेस को याद दिलाया- 138 साल पुरानी पार्टी की हरकत दुनिया देख रही**

### मिमिक्री को लेकर काफी दुखी दिखे

धनखड़ राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान अपनी मिमिक्री को लेकर काफी दुखी दिखे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के साथ-साथ राहुल को भी आड़े हाथों लिया। धनखड़ ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से कहा कि आप एक अनुभवी नेता हैं। आप कहते हैं कि ये 138 साल पुरानी पार्टी है, क्या हो गया? आप सब कुछ जानते हैं। तेरी खामोशी मेरे कानों में गूंज रही है। खडरगे जी की खामोशी मेरे कानों में गूंज रही है।

**भाजपा सांसदों ने जताई आपत्ति**

सभापति की नकल पर भाजपा सांसदों ने आपत्ति जताई है। भाजपा सांसद उपराष्ट्रपति के सम्मान में खड़े हुए और कार्यवाही में भाग लिया। हालांकि, धनखड़ ने भाजपा सांसदों से बैठने की अपील की।

हरियाणा के विज ने कहा

### चिड़ियाघर भेज देना चाहिए



अनिल विज ने कल्याण बेनर्जी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की है। अंबाला में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि विज ने कहा कि सांसद कल्याण बनर्जी ने जिस प्रकार से देश के उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाया है, उसके लिए उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर देनी चाहिए और उन्हें किसी चिड़ियाघर में भर्ती करा देना चाहिए।

राहुल की पहली प्रतिक्रिया

### मैंने वीडियो शेयर नहीं किया



मिमिक्री के मामले में राहुल गांधी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के 150 सासंदों को निलंबित कर दिया गया लेकिन इसपर कोई चर्चा नहीं हो रही है।वहां पर सांसद बैठे हुए थे। मैंने उनका वीडियो लिया, मेरा वीडियो मेरे फोन में है। मीडिया दिखा रहा है, मीडिया कह रहा है, मोदी जी कह रहे हैं, किसी ने कुछ कहा ही नहीं है।

केंद्रीय निधि पर बात की!

### ममता की पीएम से मुलाकात



बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने राज्य की बकाया पड़ी केंद्रीय निधि पर चर्चा करने के लिए पीएम मोदी से मुलाकात की।ममता ने पत्र लिखकर राज्य के लिए धन जारी करने का आग्रह किया। पीएमओ ने भी सोशल मीडिया पर तस्वीर जारी कर बताया कि बेनर्जी ने सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की।

निलंबन पर केंद्र पर बरसीं सोनिया

### लोकतंत्र का गला घोंट रहे



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने संसद से 141 विपक्षी सदस्यों के निलंबन को लेकर बुधवार को सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। इससे पहले कभी भी इतने सारे विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित नहीं किया गया, और वह भी केवल एक बिल्कुल उचित और वैध मांग उठाने के लिए।

कल्याण बेनर्जी ने कहा

### यह एक कला, चोट का इरादा नहीं था



धनखड़ की नकल उतारने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद कल्याण बेनर्जी ने इस घटना पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नकल उतारना एक कला है। मेरे मन में सभापति के लिए पूरा सम्मान है। हमारा किसी को चोट पहुंचाने या दुख पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था।

खरगे ने चला जाति का दांव

### दलित होने से बोलने नहीं दिया जाता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही यह सवाल भी किया कि क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा हुआ है। सभापति का काम दूसरे सदस्यों को संरक्षण देना है लेकिन वह खुद इस तरह का बयान दे रहे हैं।

विपक्षी दलों के सांसदों ने निकाला पैदल मार्च

## गांधी मूर्ति के सामने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की

संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। बताया जा रहा है कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर स्थित गांधी मूर्ति पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने आज प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला।



### जाट पंचायत ने कहा-बंगले में घुसना कर देंगे दूभर, हम 7 पीढ़ी तक याद रखेंगे यह



**माफी नहीं मांगी तो 24 को होगा बड़ा आंदोलन**

पालम 360 खाप के अध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा बैठक में किसान और खापों के प्रधान और अध्यक्ष शामिल हुए। यदि माफी नहीं मांगी तो 24 को बड़ा आंदोलन करेंगे।

विपक्ष की इस हरकत पर जाट नेताओं ने कहा कि इस संबंध में जल्द रणनीति बनाएंगे।अगर चक्काजाम करने या इन नेताओं और सांसदों के घरों का घेराव करने का फैसला होगा तो उसे भी हम करने के लिए तैयार हैं। किसान परिवार का शख्स आज देश के उपराष्ट्रपति है, उनका टीएमसी सांसद मजाक बना रहा है। राहुल वीडियो बना रहे हैं, हम उनकी निंदा करते हैं। सुखचैन ने कहा, अकेले टीएमसी सांसद ने ही मजाक नहीं उड़ाया बल्कि अन्य सांसद भी शामिल रहे।जाट समाज 7 पीढ़ी तक यह कारनामा याद रकेगा। हम चुनाव में औकात दिखा देंगे।

## उपराष्ट्रपति ने देश-समाज को सर्वोपरि रखा





**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट में लिखा कि एक किसान परिवार में जन्मे आदरणीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी ने सदैव देश-समाज को सर्वोपरि रखते हुए हर व्यक्ति को नम्र भाव से झुककर सम्मान दिया है। जब भी उनसे मिलता हूं उनके इस स्नेह भाव के आगे नतमस्तक हो जाता हूं, आज जब उनसे नई दिल्ली में पुन: भेंट हुई तो जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों समेत वर्तमान विषयों पर चर्चा की।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में पीएम ने कहा

# हमारा किसी भी तकनीक का आयात नहीं करने का लक्ष्य होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अन्वेषकों की समस्या सुलझाने की क्षमता, जटिल चुनौतियों से निपटने की सरलता उल्लेखनीय है। पीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि भारत को किसी भी तकनीक का आयात न करना पड़े। भारत का स्पेस प्रोग्राम आज पूरी मानवता के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है। चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा पर लैंड कराया, ये सफलता सिर्फ इतनी ही नहीं है। इसने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया ही बदल दिया है। दुनिया में यह भाव और सशक्त हुआ है कि, भारत कुछ भी कर सकता है। भारत को विकसित बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है।

**भारत एआई के लिए वैश्विक ढांचे पर दे रहा जोर**



पीएम ने कहा कि भारतीय रेलवे अपने परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और केंद्र सरकार इसके लिए हजारों करोड़ खर्च कर रही है। लॉजिस्टिक्स पर भी हमारा विशेष ध्यान है। हमें नवीनतम तकनीक के उपयोग के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि इसे नियामक तरीके से उपयोग किया जाए तो यह बहुत उपयोगी हो सकता है। भारत एआई के लिए एक वैश्विक ढांचे पर भी जोर दे रहा है।

### साइंस और टेक्नोलॉजी पर भी दिया बल

उन्होंने कहा कि विश्व को विश्वास है कि भारत वैश्विक चुनौतियों के लिए कम लागत, गुणवत्ता, टिकाऊ समाधान प्रदान कर सकता है। आज भारत, विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। आज भारत में विश्व का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है। आज भारत में एक स्थिर और मजबूत सरकार है। आज भारत में साइंस और टेक्नोलॉजी पर अभूतपूर्व बल दिया जा रहा है।

**10 को करेंगे वाइब्रेंट गुजरात समिट की शुरुआत**

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गुजरात में आयोजित किया जाएगा। समिट का उद्घाटन पीएम मोदी करेंगे। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में गुजरात को वैश्विक स्तर पर लाने के लिए 2003 में पीएम मोदी की अगुवाई में शुरू किया गया था। सम्मेलन में विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद जताई है।

तमिलनाडु में भारी तूफान और बारिश से तबाही पर हाहाकार

# सेना और तटरक्षक बल ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान और भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में तबाही मची हुई है। ऐसे में सेना की दक्षिणी कमान तूतीकोरिन के बाढ़ ग्रस्त जिले में पहुंची और एक गर्भवती महिला और तीन शिशुओं सहित 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया। सेना की दक्षिणी कमान ने बचाव अभियान चलाया और 400 से अधिक लोगों को आश्रय देने में सहायता की। सेना का एक दल श्रीवैकुंटम पहुंच गया है, जहां ट्रेन अभी भी फंसी हुई है। केंद्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री उपलब्ध करा रहा है। भारतीय तटरक्षक बल के एक अपतटीय गश्ती जहाज को एक हेलीकॉप्टर के साथ भी तैनात किया गया है।

## देश के अन्य भागों में भी शीतलहर का प्रभाव बढ़ा

**तूतीकोरिन में मोबाइल नेटवर्क ठप**



श्रीलंका और तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों के क्षेत्रों में बंगाल की खाड़ी के दक्षिणपूर्व में चक्रवाती तूफान के कारण 17-18 दिसंबर को भारी वर्षा हुई, जिससे तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस समय तूतीकोरिन में मोबाइल संचार नेटवर्क सुविधाएं ठप हैं।

**तूतीकोरिन हवाई अड्डा बंद**

तूतीकोरिन में स्थित भारतीय तटरक्षक जिला मुख्यालय संख्या 16 तिरुनेलवेली और थूथुकुडी दोनों जिलों के जिला प्रशासन के साथ संपर्क बनाए हुए है। तूतीकोरिन हवाई अड्डे के बंद होने के बाद भारतीय तटरक्षक बल चेन्नई सेएनडीआरएफ कर्मियों सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत प्रयासों में मदद के लिए मदुरै में एक फिक्स्ड विंग डोर्नियर विमान और एक एएलएच हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। चप्पू नौकाएं, गोताखोर टीम लगी हैं।

### अन्य राज्यों में भी दिखा शीतलहर का असर

उत्तर प्रदेश में भी पहाड़ों की बर्फबारी का असर दिख रहा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आगामी दिनों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में और गिरावट आएगी। बिहार में मंगलवार को पटना सहित 17 शहरों के न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, लगभग 14 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया। उत्तराखंड में लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लगातार हो रही बर्फबारी से पारा माइनस में पहुंच गया है। दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क है, लेकिन सुबह-शाम कड़ाके की ठंड सता रही है। लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण जनजीवन प्रभावित है।

नड्डा ने राहुल पर साधा निशाना

## कांग्रेस उपराष्ट्रपति का अपमान कर रही, बहस की जगह जोकर बन रही

एजेंसी ▶▶ बस्ती

जिले में सांसद खेल महाकुंभ का जिला स्तरीय आयोजन शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा थे। सीएम योगी आदित्यनाथ थे। संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि आप नेताओं को संसद में चर्चा और बहस करने के लिए भेजते हैं। लेकिन कल कुछ



लोगों ने संसद में बहस करने के बजाय जोकर का काम किया और उपराष्ट्रपति की नकल की। एक सांसद उप राष्ट्रपति की नकल कर रहे थे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे।

### 13 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठे

नड्डा ने कहा कि भारत में साढ़े 13 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। स्टील एक्सपोर्ट में चौथे नंबर पर थे पर अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। धनतेरस के दिन 55 लाख गाड़ियां खरीदी गईं, यह भारत का विकास है।

# वनडे रैंकिंग : बाबर ने गिल से छीना नंबर-1 का ताज, शीर्ष पांच में तीन भारतीय

एजेंसी ⏭ दुबई

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में कई बड़े बदलाव हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। शुभमन गिल को वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा है। पाकिस्तान के बाबर आजम ने एक बार फिर वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, रवि बिश्नोई को शीर्ष टी20 गेंदबाज का स्थान गंवाना पड़ा है। अब इंग्लैंड के आदिल राशिद दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज हैं।



### शुभमन को आराम

वनडे में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज में शुभमन गिल को आराम दिया गया है। इसका नुकसान उन्हें आईसीसी रैंकिंग में हुआ है। अब बाबर आजम वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर जिम्बाब्वे के खिलाफ 33 रनों की पारी के दम पर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**वनडे : शीर्ष बल्लेबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबर आजम | पाक | 824 |
| 2 | शुभमन गिल | भारत | 810 |
| 3 | विराट कोहली | भारत | 775 |
| 4 | रोहित शर्मा | भारत | 754 |
| 5 | डेविड वार्नर | आस्ट्रेलिया | 745 |

**वनडे :शीर्ष गेंदबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | केशव महाराज | द.अफ्रीका | 715 |
| 2 | जोश हेजलवुड | आस्ट्रेलिया | 703 |
| 3 | मो. सिराज | भारत | 685 |
| 4 | एडम जम्पा | आस्ट्रेलिया | 675 |
| 5 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 671 |



### टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार शीर्ष पर

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग छह स्थान ऊपर छठे स्थान पर, निकोलस पूरन दो स्थान ऊपर 12वें, रोवमैन पॉवेल 14 स्थान ऊपर 23वें और काइल मेयर्स नौ स्थान ऊपर 33वें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और वह अब 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच में शतक के बाद सूर्यकुमार ने शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की है। दूसरे स्थान पर मौजूद बाबर आजम से वह 100 रेटिंग अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम तीसरे स्थान पर हैं।

### टी20 : बिश्नोई फिसले

इंग्लैंड के आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इसी वजह से उन्हें रैंकिंग में दो स्थान का फायदा मिला है। अब अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे और भारत के रवि बिश्नोई तीसरे स्थान पर हैं। पिछले तीन सप्ताह में तीन अलग-अलग खिलाड़ी (राशिद खान, रवि बिश्नोई और आदिल राशिद) आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज रह चुके हैं। आदिल राशिद इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया है। एक दशक पहले ग्रीम स्वान यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने थे।



### टेस्ट में अश्विन की बादशाहत

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सीरीज के चलते टेस्ट रैंकिंग में भी काफी बदलाव हुए हैं। गेंदबाजों में भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस एक स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर, नाथन लियोन तीन स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर, मिचेल स्टार्क दो स्थान ऊपर आठवें स्थान पर और जोश हेजलवुड दो स्थान ऊपर 10वें पायदान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान आ गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम पांचवें स्थान पर हैं। हालांकि, शीर्ष स्थान पर केन विलियमसन की बादशाहत कायम है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर नौ पायदान ऊपर 27वें स्थान पर और मिशेल मार्श 12 स्थान ऊपर 68वें स्थान पर आ गए हैं।



## खबर संक्षेप



### एफआईएच पुरस्कार कड़ी मेहनत-दृढ़ता का नतीजा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने बुधवार को कहा कि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता का नतीजा है जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इतने साल से उन्होंने दिखाई है। मनप्रीत सिंह (2019) और हरमनप्रीत सिंह (2020-21 और 2021-22) के बाद यह पुरस्कार पाने वाले हार्दिक भारत के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए। वहीं महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया ने लगातार तीसरी बार एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता।हार्दिक ने कहा, 'यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाना सम्मान की बात है। मैं अपने साथी खिलाड़ियों, कोचों और समर्थकों का शुक्रगुजार हूं जो मेरी सफलता के स्तंभ रहे।

### भारत लंबे समय तक दबदबा बनाएगा : हीली



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने एकमात्र टेस्ट से पहले बुधवार को यहां कहा कि भारतीय टीम लंबे समय तक दबदबा बनाएगी और मेहमान टीम मेजबानों को हल्के में आंकने का जोखिम नहीं उठा सकती। भारत और आस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच अंतिम टेस्ट फरवरी 1984 में यहीं वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था। हीली ने गुरुवार को शुरू होने वाले टेस्ट से पहले मीडिया से कहा, 'भारत को निश्चित रूप से उसकी ही सरजमीं पर हराना बहुत मुश्किल है। हमें यहां पहले भी कुछ सफलता मिल चुकी है, मुझे गलत मत समझिएगा लेकिन ड्रेसिंग रूम में मौजूद प्रतिभा को देखते हुए उन्हें कम नहीं आंक सकते।'

### हार के बावजूद हमारा तरीका नहीं बदलेगा



**गक्बेरहा।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में आठ विकेट से करारी शिकस्त मिलने के बावजूद श्रृंखला के निर्णायक तीसरे वनडे में टीम के रवैये में कोई बदलाव नहीं आएगा। कोटक ने हालांकि साफ कर दिया कि अंतिम एकादश में ज्यादा बदलाव नहीं होंगे और इसका फैसला मैदान की परिस्थितियों के आधार पर तय किया जाएगा। कोटक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारा दृष्टिकोण बिल्कुल नहीं बदलेगा। मैं ज्यादा बदलावों के बारे में नहीं सोचूंगा, हम इस बारे में विकेट देखकर कोई फैसला करेंगे।'

**वनडे : तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर**

# भारत का शीर्षक्रम फेल, दक्षिण अफ्रीका से निर्णायक जंग आज

एजेंसी ⏭ पार्ल

पहले दोनों मैचों में शुरुआती जोड़ी की नाकामी के बाद भारतीय टीम गुरुवार को तीसरे और आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दर्ज करने के लिए अच्छी शुरुआत की कोशिश में होगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में सिर्फ एक बार ही हराया है। उसे दोहराने के लिए भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ और बी साइ सुदर्शन से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत होगी। साइ सुदर्शन ने पहले दोनों मैचों में 55 और 62 रन बनाए। वहीं गायकवाड़ ने पांच और चार रन ही बनाए। भारत के तिलक वर्मा अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी नाकाम रहे। गायकवाड़ और वर्मा को अपनी चिर परिचित लय हासिल करनी होगी क्योंकि मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। वैसे वर्मा की जगह 30 वर्ष के रजत पाटीदार को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। अय्यर पहले वनडे के बाद ही टेस्ट श्रृंखला की तैयारी में जुट गए।

### पिच बल्लेबाजों की मददगार

शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के लिए राहत की बात यह है कि बोलैंड पार्क की पिच बल्लेबाजों की मददगार है। गक्बेरहा की पिच में असमान उछाल था लेकिन अगला मैच पार्ल में खेला जाएगा जहां पिच से बेहतर उछाल मिलेगी। इससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने में मदद मिलेगी। टीम प्रबंधन संजू सैमसन को एक और मौका दे सकता है जो पिछले मैच में 12 रन पर आउट हो गए।



### गेंदबाजों का मिला जुला प्रदर्शन

गेंदबाजी में मुकेश कुमार दो मैचों में एक भी विकेट नहीं ले सके। अर्शदीप सिंह और आवेश खान पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे और अर्शदीप ने दूसरे मैच में भी लय कायम रखी। टीम प्रबंधन अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भी मौका दे सकता है। उन्होंने हरियाणा के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में टीम प्रबंधन को कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से एक को बाहर रखकर चहल के लिए जगह बनानी होगी। कुलदीप और अक्षर टेस्ट टीम का हिस्सा हैं ऐसे में दोनों अधिकतम मैच अभ्यास चाहेंगे।

## टेस्ट में भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज

मुंबई। इंग्लैंड को हराने के बाद भारतीय महिला टीम बृहस्पतिवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट में आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम पर जीत दर्ज करके अपनी उपलब्धियों में इजाफा करना चाहेगी। भारत ने 46 साल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले दस टेस्ट में से एक भी नहीं जीता है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम को पता है कि स्पिनरों की मददगार पिच पर उसके पास इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। भारतीय गेंदबाजों खासकर आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने पिछले सप्ताह डी वाई पाटिल




स्टेडियम पर इंग्लैंड के खिलाफ 347 रन से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई । महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से यह सबसे बड़ी जीत थी। अब दीप्ति आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने भी नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने भी इंग्लैंड के खिलाफ तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर (49 और नाबाद 44) , जेमिमा रौड्रिग्ज (68) और यास्तिका भाटिया (66) ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावित किया।

**आईपीएल**

# मिचेल स्टार्क की एक गेंद पड़ेगी 7.4 लाख रुपये की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाजों का जलवा देखने को मिला। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। स्टार्क अगर लीग के सभी 14 मैच में खेलते हैं तो उनकी एक गेंद 7.4 लाख रुपए की पड़ेगी।



### स्टार्क का 14 मैच खेलना तय

*स्टार्क को कोलकाता नाइटराइडर्स के सभी मैचों में खेलना तय है। अगर वह लीग राउंड के सभी 14 मैच में खेलते हैं और हर मुकाबले में अपने कोटे के चार ओवर (कुल 336 गेंदें) करते हैं तो उनकी एक गेंद 7.4 लाख रुपए की पड़ेगी। अगर कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम फाइनल तक पहुंचती है तो उसे अधिकतम 17 मैच खेलने होंगे। ऐसे में स्टार्क 408 गेंद फेकेंगे। उनकी एक गेंद 6.1 लाख रुपए की पड़ेगी।*

### कमिंस फेंकेंगे 336 गेंदें



स्टार्क की तरह अगर पैट कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सभी मैच खेलते हैं तो ग्रुप राउंड में वह 14 मुकाबलों में उतरेंगे। ऐसे में अपने कोटे के चार ओवर (कुल 336 गेंदें) करते हैं तो उनकी एक गेंद 6.1 लाख रुपए की होगी। वहीं, अगर हैदराबाद फाइनल तक जाती है तो उनकी एक गेंद 5 लाख रुपए की होगी।

## कप्तान बदलने का फैसला जज्बाती लेकिन रोहित इंडियंस की विरासत



एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था। पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है । जयवर्धने ने जियो सिनेमा से कहा, 'यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना लाजमी है। लेकिन टीम को ऐसे फैसले लेने होते हैं।'

### संजय को चुनाव जीतने का भरोसा

**नई दिल्ली।** निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह ने बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के बहुप्रतीक्षित चुनावों में जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि कुश्ती जगत को पता है कि कौन खेल के लिए फायदेमंद होगा और कौन इसे नुकसान पहुंचाएगा। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह का अध्यक्ष पद के लिए सामना राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योरण से होगा। अनिता को देश के शीर्ष पहलवानों का समर्थन हासिल है जिन्होंने महिला पहलवानों के कथित उत्पीड़न का आरोप लगाया था।



## सरकार का शतक बेकार, बांग्लादेश को न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ नेलसन

हेनरी निकोल्स (95) और विल यंग (89) शतक लगाने से चूक गए लेकिन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार की 169 रन की पारी से पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 49.5 ओवर में 291 रन



बनाए। न्यूजीलैंड ने 46.2 ओवर में तीन विकेट पर 296 रन बना कर जीत दर्ज की।

श्रृंखला के शुरुआती मैच में 105 रन बनाने वाले यंग ने मंगलवार को रचिन रविंद्र (33 गेंद में 45 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी कर टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। उन्होंने 94 गेंद की पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। निकोल्स श्रृंखला के पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे थे। उन्होंने 99 गेंद की पारी में आठ चौका और एक छक्का लगाया।

### जीत के साथ इंग्लैंड ने श्रृंखला में बराबरी की



**सेन फर्नांडो।** विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने चौथे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 75 रन से हराकर श्रृंखला में बराबरी की। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के लगातार दूसरे शतक के दम पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 267 रन बनाए। साल्ट और बटलर ने 9.5 ओवर में 117 रन जोड़े। बटलर 29 गेंद में 55 रन बनाकर आउट हुए। साल्ट ने 119 रन बनाए जो टी20 क्रिकेट में इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है।

## राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप ध्रुव-तनीषा की जोड़ी जीती

**गुवाहाटी।** ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन वी जोसफ और लाडिंगपुल राल्टे की जोड़ी को 21-5, 21-7 से हराया। हाल में ओडिशा मास्टर्स खिताब जीतने वाली कपिला-क्रास्टो की जोड़ी का सामना अब अब्दुल रहमान सैयद और मामाइक्या लंका से होगा। पुरुष एकल में विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुश शेट्टी पहले दौर में अधीप गुप्ता को 43 मिनट में 22-20, 21-17 से पराजित करने में सफल रहे। अगले दौर में उनकी भिड़ंत नीर नेहवाल से होगी जिन्होंने वी जोसफ को 21-9, 21-13 से हराया। समीर वर्मा ने आदित्य मंडल को 31 मिनट में 21-11, 21-13 से शिकस्त दी और अगले दौर में मेराबा मेसनाम लुवांग के सामने होंगे। अंडर-19 खिलाड़ी ध्रुव नेगी को प्रेम सिंह चौहान को 21-7, 21-11 से हराने में महज 21 मिनट लगे। अब राउंड 64 में उनका सामना ओरिजीत चालिहा से होगा। महिला एकल में तन्वी शर्मा ने तान्या हेमंत को 30 मिनट में 21-16, 21-11 से हराया और अब उनकी भिड़ंत गुजरात की श्रेया लेले से होगी जिन्होंने अमोलिका सिंह की चुनौती 13-21, 21-14, 30-28 से समाप्त की। पिछले साल सैयद मोदी टूर्नामेंट में उप विजेता रहने वाली मालविका बंसोड़ ने मयूरी बर्मन पर 21-6, 21-16 से जीत हासिल की।

**पैरा एशियाई खेलों की चैम्पियन तीरंदाज शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार**

# सात्विक व चिराग को मिलेगा ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*__नई दिल्ली।__ भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को वर्ष 2023 के लिये मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जायेगा जबकि वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा एशियाई खेलों की चैम्पियन तीरंदाज शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलेगा। ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में नौ जनवरी को आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तैंतीस वर्षीय तेज गेंदबाज शमी शामिल हैं । भारत इस टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया था । इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था। शमी ने वनडे विश्व कप में केवल सात मैच में सर्वाधिक 24 विकेट हासिल किए थे। पहले चार मैच में बाहर रहने के बाद शमी को जब मौका मिला तो उन्होंने उसका पूरा फायदा उठाया।*

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए चुने गए खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

*__मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार:__ सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (बैडमिंटन)। __अर्जुन पुरस्कार:__ मोहम्मद शमी (क्रिकेट), अजय रेड्डी (दृष्टिबाधित क्रिकेट), ओजस प्रवीण देवताले, अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), पारुल चौधरी और मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), दिव्यकृति सिंह और अनूष अग्रवाल (घुड़सवारी), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू (हॉकी), पिंकी (लॉन बॉल), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और ईशा सिंह (निशानेबाजी), अंतिम पंघाल और सुनील कुमार (कुश्ती), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशू), पवन कुमार और रितु नेगी (कबड्डी) , नसरीन (खोखो) , हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), प्राची यादव (पैरा केनोइंग)। __ध्यानचंद जीवन पर्यंत पुरस्कार:__ कविता सेल्वराज (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) विनीत कुमार शर्मा (हॉकी)। __द्रोणाचार्य पुरस्कार:__ गणेश प्रभाकरन (मल्लखंब), महावीर सैनी (पैरा एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), शिवेंद्र सिंह (हॉकी) द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन वर्ग) : जसकीरज सिंह ग्रेवाल (गोल्फ), भास्करन ई (कबड्डी), जयंत कुमार पुशीलाल (टेबल टेनिस) __मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी 2023 :__ गुरूनानक देव यूनिवर्सिटी (अमृतसर, ओवरआल विजेता) लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (पंजाब, प्रथम उपविजता) कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता)।*

*शमी के अलावा 25 अन्य खिलाड़ियों को भी अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इनमें भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी, पुरुष हॉकी खिलाड़ी कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू, तीरंदाज ओजस प्रवीण देवताले और अदिति गोपीचंद स्वामी, मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन, शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली, गोल्फर दीक्षा डागर, निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पहलवान अंतिम पंघाल,एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता वुशू खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी और टेबल टेनिस खिलाड़ी अयहिका मुखर्जी शामिल हैं। प्रशिक्षकों को मिलने वाले द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए गणेश प्रभाकरन (मल्लखंभ), महावीर सैनी (पैरा एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) का चयन किया गया है ।*

### इन्हें मिलेगा जीवन पर्यन्त पुरस्कार

ध्यानचंद जीवन पर्यंत पुरस्कार के लिए कविता सेल्वराज (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) और विनीत कुमार शर्मा (हॉकी) को चुना गया है । खेल मंत्रालय ने इस साल के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार का फैसला करने के लिए 12 सदस्यीय समिति गठित की थी । इनमें अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एएम खानविलकर के अलावा हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कमलेश मेहता, पूर्व मुक्केबाज अखिल कुमार, महिला निशानेबाज सहित अन्य शामिल थे।

# कैपिटल हिंसा मामले में ट्रंप को बड़ा झटका, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

ट्रंप पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप को 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। यह फैसला अमेरिका में कैपिटल हिल हिंसा में डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की भूमिका को देखते हुए अदालत ने सुनाया है।



अदालत ने आदेश में कहा है कि ट्रंप अगले साल अमेरिका में होने वाले चुनाव में भाग नहीं ले सकते हैं। 14वें संशोधन की धारा 3 का उपयोग राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य घोषित करने के लिए किया गया है। अदालत ने अपने फैसले में लिखा कि अदालत के बहुमत का मानना है कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य हैं।

*वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। इस मामले में अदालत ने राज्य सचिव को आदेश दिया कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के मतदान से बाहर किया जाए।*

**खास बातें**

- अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप को राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए अयोग्य माना
- कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटा

**अब ट्रंप जाएंगे सुप्रीम कोर्ट**

अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को व्हाइट हाउस की रेस में शामिल होने से पहले अयोग्य करार दे दिया गया है। हालांकि, पूरी उम्मीद है कि ट्रंप इस फैसले के खिलाफ अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख दावेदार ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है।

## 2020 में ट्रंप हारे थे राष्ट्रपति पद का चुनाव

गौरतलब है कि साल 2020 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 6 जनवरी 2021 को ट्रंप के समर्थकों ने अमेरिकी संसद (कैपिटल हिल) को घेर लिया था। कुछ समर्थक कैपिटल हिल में घुस भी गए थे और तोड़-फोड़ किया था। कैपिटल हिंसा के बाद इसकी जांच अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को सौंपी गई थी।

## धारा 3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य घोषित

*कोलाराडो के 6 मतदाताओं के एक समूह ने सितंबर में डोनाल्ड ट्रंप को 2024 में राज्य के मतदान से रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उनका दावा था कि संवैधानिक प्रावधान के कारण उन्हें रोक दिया गया था। धारा 3 कहती है कि कोई भी व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकारी के रूप में काम नहीं कर सकता है, जिसने पहले संघीय पद की शपथ ली हो, अमेरिका के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो। मुकदमे में दावा किया गया कि ट्रंप ने अपने समर्थकों की भीड़ द्वारा यूएस कैपिटल में दंगा भड़काने और विद्रोह का कार्य किया था।*

**अब न ट्रंप चुनाव लड़ पाएंगे और न ही वोट डाल पाएंगे**

### ये फैसला सिर्फ कॉलोरेडो प्रांत के लिए

कोलाराडो की सर्वोच्च अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में मंगलवार को ट्रंप को अमेरिकी संविधान के तहत राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया। कोर्ट ने यह आदेश पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके समर्थकों द्वारा यूएस कैपिटल पर 6 जनवरी, 2021 को किए गए हमले में उनकी भूमिका को लेकर दिया है। अदालत ने राज्य सचिव को आदेश दिया कि ट्रंप का नाम रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के मतदान से बाहर किया जाए। अब न ट्रंप चुनाव लड़ पाएंगे और न ही वोट डाल पाएंगे। प्रांत के प्राइमरी के बैलेट पर ट्रंप का नाम नहीं होगा। हालांकि ये फैसला सिर्फ कॉलोरेडो प्रांत के लिए लागू होगा।

---

## खबर संक्षेप

### सूखे की चपेट में अमेरिका का कैलिफोर्निया राज्य



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया ने भी पीने के पानी को बचाने का जिम्मा उठा लिया है। यहां कुछ सालों से जल संकट गहरा रहा है, इसलिए फैसला लिया गया है कि गंदे पानी को पीने के पानी में बदला जाएगा। नए नियमों को मंजूरी दे दी।

### मलयेशिया में इजराइली जहाजों पर प्रतिबंध



**कुआलालंपुर।** मलयेशियाई सरकार ने इजराइल के स्वामित्व वाले और झंडे वाले जहाजों के साथ-साथ इजराइल जाने वाले जहाजों पर भी अपने बंदरगाहों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय इजराइल-हमास युद्ध में इजराइल की कार्रवाई पर लिया गया है।

### इजराइल हमले में 17 दिन की बच्ची की मौत



**गाजा।** इजराइली ने दक्षिणी गाजा के शहरों पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 45 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसमें 17 दिन पहले जन्मी बच्ची की भी जान चली गई। योव गैलेंट ने चेतावनी दी कि गाजा के दक्षिण में अभियान जारी रहेगा।

---

पीएम मोदी ने कुछ देशों में भारत विरोधी गतिविधियों पर दो टूक कहा

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में 'हिंसा' बर्दाश्त नहीं, चरमपंथियों की हरकतें चिंताजनक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिका में एक भारतीय की हत्या की साजिश के आरोपों का जवाब दिया और कहा कि अगर कोई हमें किसी तरह की जानकारी देता है तो हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने चरमपंथी गतिविधियों पर भी चिंता जताई।*

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी और एक भारतीय नागरिक के शामिल होने के अमेरिकी आरोपों पर पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगर भारत के किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया है तो सरकार इस पर गौर करने के लिए तैयार है।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह मामला भारत और अमेरिका के संबंधों पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा। उन्होंने कहा कि वह कुछ घटनाओं को डिप्लोमेटिक संबंधों से जोड़ना सही नहीं समझते। हालांकि इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया कि कई देशों में फैले कुछ चरमपंथी ग्रुप्स की गतिविधियों को लेकर भारत चिंतित है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में ये तत्व डराने-धमकाने और हिंसा भड़काने में लगे हुए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने विदेश में चरमपंथियों द्वारा की जा रही एंटी इंडिया गतिविधियों पर चिंता जताई है।

**खास बातें**

- पन्नू 2019 से एनआईए की नजर में, तभी हुआ था पहला मामला दर्ज
- पन्नू ने दी थी हाल ही में भारत के संसद भवन पर हमले की धमकी
- कनाडा के पीएम ट्रूडो के आरोपों को भारतीय विदेश मंत्रालय ने बेतुका बताया और नकारा

### हमारे किसी नागरिक ने जो भी किया तो हम इसे देखेंगे



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर हमें कोई जानकारी देता है तो हम जरूर इसपर गौर करेंगे। अगर हमारे किसी नागरिक ने अच्छा या बुरा किया तो हम इसे देखेंगे। हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है। अमेरिका-भारत संबंधों पर उन्होंने कहा कि इस रिश्ते को और मजबूत करने के लिए हमारे पास दोनों तरफ से समर्थन है। यह एक मैच्युअर और स्टेबल पार्टनरशिप का क्लीयर इंडिकेटर है। सुरक्षा और एंटी टेररिज्म सहयोग हमारी पार्टनरशिप का एक प्रमुख कंपोनेंट रहा है। पीएम ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि कुछ घटनाओं को दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों से जोड़ना सही है।

### विदेश मंत्रालय ने धमकी को गंभीरता से लिया

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि हम धमकियों को गंभीरता से लेते हैं। हम यहां एक बंधन में फंस गए हैं। मैं धमकी देने वाले चरमपंथियों की तलाश के लिए बहुत ज्यादा विश्वसनीयता नहीं बढ़ाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, हमने इस मामले को अमेरिकी और कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। चरमपंथियों और आतंकवादियों की प्रवृत्ति किसी मुद्दे पर मीडिया कवरेज चाहने की होती है। बागची ने कहा, वह कानून के उल्लंघन के लिए हमारी एजेंसियों द्वारा वांछित है और एक प्रक्रिया है जिसके तहत हम सहायता मांगते हैं और उन पर मुकदमा चलाया जाता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि अपराध किया गया है या नहीं। हमारे मामले में, मुझे लगता है कि भारत में वह किस तरह के अपराधों के लिए जिम्मेदार है, इसके बारे में विस्तार से अनुरोध किया गया है...हमने भारत या भारतीय राजनयिकों के खिलाफ चरमपंथियों या आतंकवादियों द्वारा किए गए किसी भी खतरे के बारे में अपने भागीदारों को चिंताएं भी बताई हैं।

### हम मल्टीलेटरलिज्म के युग में रह रहे

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस फैक्ट को मानना होगा कि हम मल्टीलेटरलिज्म के युग में रह रहे हैं। दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई भी है और एक दूसरे पर निर्भर भी। यह वास्तविकता हमें यह मानने के लिए मजबूर करती है कि सभी मामलों पर पूर्ण सहमति सहयोग के लिए पहले से शर्त नहीं हो सकती। मई में, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका का दौरा किया। जिसके बाद, बाइडन सितंबर में भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए।

### भारत पहले ही नकार चुका ट्रूडो के बयान

*कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई क्षेत्र में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ था। हालाँकि, इन आरोपों को विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया और इन्हें बेतुका और दुर्भावना से प्रेरित करार दिया।*

**न्याय विभाग बोला...**

न्याय विभाग ने दावा किया कि सीसी-1 के सहयोगी गुप्ता ने सीसी-1 के साथ अपने संचार में अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी में अपनी भागीदारी का वर्णन किया।

---

ब्रिटेन की 2 साल में रोकी महंगाई

# लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था में चला पीएम सुनक का जादू



- चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ब्रिटेन फिर से बेहतर

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी काबिलियत का सबसे बड़ा लोहा मनवाते हुए महंगाई को घुटनों पर ला दिया है। जबकि इससे पहले ब्रिटेन की बेलगाम महंगाई और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते ही पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

इसके बाद भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने मोर्चा संभाला था। पीएम ऋषि सुनक के सामने ब्रिटेन की महंगाई को काबू में लाने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती थी। सुनक ने दोनों ही चुनौतियों से पार पाते हुए महंगाई को काबू में ला दिया है।

**किस कदम से काबू में आई महंगाई**

*सांख्यिकी कार्यालय ने इस गिरावट के पीछे ईंधन कीमतों में की गई कटौती को प्रमुख वजह बताया। इसके अलावा खाद्य कीमतों में नरमी ने भी खुदरा मुद्रास्फीति को कम किया। विश्लेषकों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति के कम होने से बैंक ऑफ इंग्लैंड ब्याज दरों में कटौती का कदम उम्मीद से थोड़ा जल्दी ही उठा सकता है। पिछले साल मुद्रास्फीति चार दशकों के उच्चस्तर 11 प्रतिशत से भी अधिक हो गई थी। इसपर काबू पाने के लिए ब्रिटिश केंद्रीय बैंक ने पिछले साल से नीतिगत दर में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया था और इस समय यह 15 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर है।*

### नवंबर में मुद्रास्फीति में तगड़ी गिरावट

अब ब्रिटेन में ईंधन एवं खाद्य कीमतों में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर के महीने में घटकर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले दो साल से भी अधिक का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत रही। यह सितंबर, 2021 के बाद खुदरा मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। अक्टूबर के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रही थी। इस तरह नवंबर में मुद्रास्फीति में तगड़ी गिरावट दर्ज की गई।

---

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टोड मैक्ले के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में व्यापार अड़चनों को कम करने और निवेशक-अनुकूल माहौल बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने सहयोगात्मक दृष्टिकोण के तहत दोनों देशों के बीच जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और निवेशक-अनुकूल माहौल बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।

## मानवीय सहायता और कूटनीति से संघर्ष विराम की बात को दोहराया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल और हमास जंग को लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पीएम मोदी को इजराइल-हमास संघर्ष के हालिया घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया।

पीएम मोदी ने मानवीय सहायता और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की आवश्यकता को दोहराया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं।

## अमेरिकी संसद में हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए साथ आए सांसद

**वॉशिंगटन।** धार्मिक अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा करने और अमेरिकी कांग्रेस में उनके मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेसनल हिंदू कॉकस बनेगा। रिपब्लिकन सांसद पीटर और एलिस स्टेफानिम ने अमेरिकी संसद में इसकी घोषणा की। 115वीं कांग्रेस के दौरान स्थापित कॉकस ने हिंदू-अमेरिकी समुदाय और नीति निर्माताओं के बीच संबंध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका जारी रखी है। सत्र ने कहा कि कांग्रेसनल हिंदू कॉकस का उद्घाटन हमारे देश की राजधानी में हिंदू-अमेरिकी समुदाय की आवाज को पहचानने और बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम उनकी चिंताओं को संबोधित करने उनके योगदान का जश्न मनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनके दृष्टिकोण को सर्वोच्च स्तर पर सुना जाए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109